## एक नजर

### मकान के ताले तोड़कर लाखों की चोरी

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में चोरों ने बंद मकान के ताला तोड़कर नगदी समेत लाखों रुपये कीमत के जेवरात पार कर दिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। चकेरी कृष्णा कॉनक्लेव निवासी हरिशंकर गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ त्योहार पर राजस्थान जोधपुर में रहने वाले बेटे और बहू के पास गए थे। पड़ोसियों ने उन्हें 28 मार्च को घर में चोरी होने की जानकारी दी। जिस पर वह वहां से वापस आ गए। चोर मकान के ताले तोड़कर अलमारी में रखी नगदी समेत लाखों कीमत के सोने का हार, चेन, अंगूठी समेत अन्य जेवरात चोरी कर ले गए। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने वताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

### संदिग्ध हालत में मृत मिला कैमरा व्यापारी

**कानपुर।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में घर के अंदर व्यापारी का शव पड़ा मिला। परिजनों के दरवाजा खटखटाने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई तो सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद दरवाजा तोड़ा गया। जहां वह मृत मिले। जवाहर नगर के 60 वर्षीय शशिभूषण सीसीटीवी कैमरों के व्यापारी थे। गुरुवार दोपहर उनका शव घर में बंद कमरे में मिला। भाई रवि भूषण ने बताया कि उनकी पत्नी मायके गई हैं। बेटा श्रेयांश इंजीनियरिंग कर रहा है। गुरुवार दोपहर वह घर पर अकेले थे। शाम को उनकी पत्नी संगीता ने फोन किया तो नहीं उठा। जिस पर संगीता ने रवि को जानकारी दी। वह घर पहुंचे लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर पुलिस घर में दाखिल हुई तो वह मृत मिले। नजीराबाद थानाप्रभारी कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# शहर में सेटेलाइट रेलवे स्टेशन भी बनेंगे:जीएम

❍ डेढ़ लाख यात्रियों की सुविधाओं से परिपूर्ण होगा सेंट्रल स्टेशन

**अमृत भारत योजना**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



गोविंदपुरी स्टेशन के प्रस्तावित प्रोजेक्ट को देखते रेलवे के जीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर का दायरा बढ़ता है तो जरूरतें बढ़ती हैं। ऐसे में शहर में सेटेलाइट स्टेशन भी बनाए जाएंगे। अमृत भारत योजना के काम छह माह में पूर्ण हो जाएंगे। गोविंदपुरी स्टेशन भी पूरी तरह तैयार होगा। उससे भी संभावनाएं हैं और यात्री सुविधाएं दोगुनी हो जाएंगी। उत्तर मध्य रेलवे के जीएम रवींद्र गोयल ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हर साल शहर का दायरा दो किमी बढ़ जाता है। ऐसे में शहर का लोड देखते हुए सेटेलाइट स्टेशन बनाने होंगे। कहा कि गोविंदपुरी स्टेशन जाने वाला रास्ता बाधक बना है। इस पर अधिकारियों ने कालोनी से धर्मकांटा तक मुख्य मार्ग बनाने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने विचार करने को कहा। उन्होंने कहा कि तीन माह में सर्कुलेटिंग एरिया का काम पूरा हो जाएगा। बाकी लिफ्ट, स्वचलित सीढ़ियों का काम अगले तीन माह में पूरा कर लिया जाएगा। छह माह में पूरा काम कराने का प्रयास है। उन्होंने कहाकि अक्टूबर 2026 तक गोविंदपुरी स्टेशन को

- उत्तर मध्य रेलवे के जीएम ने किया निरीक्षण, दी जानकारी
- गोविंदपुरी स्टेशन पर छह माह में पूरे होंगे काम

बड़े स्तर पर डेवलप किया जाएगा। सेंट्रल स्टेशन पर मौजूदा समय में 75 हजार यात्रियों का लोड है। इसे दोगुना करने का प्रयास है। स्टेशनों को मेट्रो से लिंक करने पर कहा कि इसका विशेष ध्यान दिया जाएगा। जीएम ने कहा कि भविष्य की यात्री आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए स्टेशनों को तैयार किया जा रहा है। जिससे सेंट्रल की ही तरह गोविंदपुरी और अनवरगंज स्टेशन पर यात्रियों को पूरी सुविधा मिले। इससे सेंट्रल के लोड पर भी कमी आएगी और दूसरे स्टेशन विकसित और तैयार होंगे।

### पीओएच वर्कशॉप की स्थापना कराई जाए

■ **कानपुर।** नार्थ सेंट्रल रेलवे इंपलाईज संघ के मंडल अध्यक्ष मान सिंह, मंडल सचिव चंदन कुमार सिंह ने जीएम रवींद्र गोयल को ज्ञापन देकर अपनी समस्याएं बताईं। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि उत्तर मध्य रेलवे जोन में पीओएच वर्कशॉप की स्थापना कराई जाए। एक एंबुलेंस की मांग की। न्यू कानपुर स्टेशन के कर्मचारियों के लिए रेल आवास और लोको पायलट लाबी, गार्ड लाबी की महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की मांग की। रेलवे कालोनियों की जर्जर स्थिति से अवगत कराया और प्रयागराज जोन की तरह कानपुर परिक्षेत्र के कर्मचारियों के लिए साइकिल अनुरक्षण भत्ते की मांग की।

### जीएम ने विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया

जीएम रवींद्र गोयल ने शुक्रवार को कानपुर खंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया। उन्होंने बताया कि विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण रेलवे का विशेष निरीक्षण है। जिसमें चलती ट्रेन से निरीक्षण किया जाता है। इसमें ट्रैक और उसके आसपास जैसे सिग्नल, ओएचई, प्लेटफार्म आदि का निरीक्षण किया जाता है। स्टेशनों पर सफाई, यात्री सुविधाओं पर नजर होती है। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण के बाद लखनऊ फाटक के पास जमा मलबा हटाया जाना शुरू हो गया।



लखनऊ फाटक के पास लाइन के किनारे से मलबा हटाते मजदूर। अमृत विचार



सेंट्रल स्टेशन पर चल रहा विकास का काम। अमृत विचार

# लोको पायलट रनिंग रूम भी देखा

**कानपुर।** उत्तर मध्य रेलवे के जीएम रवींद्र गोयल शुक्रवार सुबह 9.30 बजे स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस 12561 के विशेष कोच से प्लेटफार्म नंबर एक पर उतरे। उनके साथ प्रयागराज मंडल के डीआरएम हिमांशु बडोनी और मंडल के अन्य अधिकारी रहे।

यहां पहली बार निरीक्षण पर आए जीएम ने सबसे पहले न्यू लोको पायलट रनिंग रूम को देखा। कमरे, हॉल और रसोई घर का जायजा लिया। जीएम ने लोको पायलट से बातचीत भी की।

लोको पायलट ने जीएम को इटैलियन टॉयलेट से होने वाली समस्याएं बताईं। इस पर उन्होंने

- लोको पायलटों ने इटैलियन टॉयलेट से दिक्कत बताई तो बदलवाने के निर्देश दिए

इंडियन टॉयलेट बनवाने के निर्देश दिए। लोको पायलट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ड्यूटी से संबंधित रोस्टर और ड्यूटी चार्ट की दिक्कतों को रखा, जिसका जीएम ने निदान कराने का आश्वासन दिया। लोको पायलट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि सर खाना तो ठीक मिलता है। क्वालिटी भी बेहतर रहती है, लेकिन कभी-कभी तकिया और चादर गंदे आ जाते हैं। इससे पहले जीएम ने रनिंग रूम के मेस और किचन का जायजा लिया। उन्होंने स्टाफ से खाने की गुणवत्ता, दही की मात्रा की जानकारी ली। दही उन्हें पतला लगा।

उन्होंने किचन में बर्तन और अन्य सामान को चेक किया। इसके बाद जीएम ने गोविंदपुरी स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत चल रहे कार्यों को देखा। काम में लगे ठेकेदार और इंजीनियरों से सवाल किए। कुछ यात्रियों से भी बातचीत की। उसके बाद पनकी धाम स्टेशन गए। पनकीधाम से लौटने के बाद सेंट्रल स्टेशन पर सिटी साइड चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। शाम को चौरीचौरा एक्सप्रेस से रवाना हो गए।

# पार्षदों ने की कमिश्नर से शिकायत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



पुलिस कमिश्नर को शिकायती पत्र देकर जांच की मांग करते पार्षद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नजीराबाद थानाक्षेत्र में अशोक नगर के भाजपा पार्षद पवन गुप्ता और उनके साथियों पर 29 मार्च की रात हुए हमले के आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने पर शुक्रवार को पीड़ित पार्षद के साथ 30 पार्षदों ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से मिलकर शिकायत की। पीड़ित पार्षद पवन गुप्ता ने आरोप लगाया कि दबंगों की पुलिस से साठगांठ है। जिसकी वजह से पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही।

भाजपा पार्षद पवन गुप्ता ने बताया कि 29 मार्च की रात मित्र प्रापर्टी डीलर अजय यादव के कार्यालय में जवाहर नगर के अंशु ठाकुर और उनके साथियों ने हमला कर दिया था।

पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई लेकिन एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। आरोप लगाया कि धाराएं भी कम कर दी गईं। दूसरे पक्ष की तहरीर पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है। पवन गुप्ता ने बताया कि पुलिस कमिश्नर ने आश्वासन दिया है कि जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। पार्षद नवीन पंडित का आरोप था कि आरोपियों ने पवन की चेन भी लूट ली थी। लेकिन पुलिस ने वो धारा आरोपियों पर नहीं लगाई।

- भाजपा पार्षद के हमलावर अब तक गिरफ्तार नहीं
- पीड़ित समेत 30 पार्षद पहुंचे पुलिस ऑफिस

# सीबीसीआईडी दो दोस्तों की गुत्थी सुलझाएगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बर्रा थानाक्षेत्र में रहने वाले दो दोस्त दो वर्ष पूर्व लापता हो गए थे। दोस्तों ने गंगा में डूबने की बात कही थी। परिजनों ने हत्या की आशंका जताकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोहना पुलिस और क्राइम ब्रांच दो साल में जांच में कुछ हासिल नहीं कर सकी तो परिजनों की मांग पर जांच सीबीसीआईडी को ट्रांसफर कर दी गई है।

बर्रा आठ के बैंक से सेवानिवृत्त जगदीश नारायण सचान ने बताया कि उनका बेटा इंजीनियर सुमित सचान और उसका दोस्त सिद्धार्थ सचान एक अक्तूबर 2022 को दोस्तों के साथ घूमने निकले थे। दोस्त साढ़ थाना क्षेत्र के गूजा गांव में रहने वाले आनंद सचान और माइकल ने अगले दिन सुबह आठ बजे घर आकर बताया कि सुमित और सिद्धार्थ की गंगा में डूबकर मौत हो गई है। जिसके बाद कोहना पुलिस ने गंगा में तलाश की लेकिन शव नहीं मिले। राजकुमार सचान की तहरीर पर कोहना पुलिस ने आनंद सचान, माइकल और अन्य दोस्तों के खिलाफ अपहरण, हत्या और लूट-पाट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। परिजनों की मांग पर शासन ने इस केस की जांच अब सीबीसीआईडी को सौंप दी है।

- क्राइम ब्रांच की जांच से परिजन थे असंतुष्ट

## डेढ़ लाख का मोबाइल हड़पने का आरोप

**कानपुर।** नवाबगंज के युवक ने स्टोर और फाइनेंस कर्मियों पर मिलीभगत से बिना उनकी जानकारी के फर्जी तरीके से फाइनेंस कर डेढ़ लाख रुपये का मोबाइल हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

केशव नगर निवासी सुमित कौशल ने पुलिस को बताया कि विकास नगर स्थित एक मोबाइल स्टोर पर फोन लेने गए थे, जिसकी कीमत 1,59,300 थी। स्टोर कर्मी ने बैंक कर्मचारी से फाइनेंस कराने की बात कही। 21 फरवरी को बिना ओटीपी, अनुमति और उपस्थिति के फाइनेंस करके मोबाइल फाइनेंस कर्मचारी को देने की बात मोबाइल स्टोर ने बताई। आज तक उनको मोबाइल नहीं मिला।

# दहेज के लिए पत्नी को दिया तीन तलाक

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में महिला ने ससुरालियों पर मारपीट कर प्रताड़ित करने और पति पर तीन तलाक देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

रेलबाजार निवासी महिला के अनुसार उनकी शादी अजीतगंज कालोनी निवासी युवक से साल 2020 में हुई थी। शादी के बाद से ही पति समेत ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज के रूप में दो लाख रुपये व बाइक की मांग करने लगे। पीड़िता के गर्भवती होने पर ससुरालियों ने मारपीट कर घर से भगा दिया। आरोप है कि पति का दोस्त बाबूपुरवा निवासी सलमान जो अपराधी है और जमानत पर बाहर चल रहा है। वह अकेला पाकर छेड़छाड़ करने लगाता है। आरोप है कि 26 नवंबर को पति ने उन्हें तीन तलाक दे दिया। पीड़िता की तहरीर पर रेलबाजार पुलिस ने पति समेत सात लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने सुपार्श्व चन्द्र जैन पुत्र स्व0 निर्मल चन्द्र जैन निवासी ए–22, शान्ति नगर कैंट, कानपुर आदि ने सम्पत्ति संख्या–73/34(जेड) स्थित कलेक्टरगंज, कानपुर नगर का पंजीकृत विक्रय अनुबन्धपत्र दिनांकित 21/07/2023 अग्रवाल इंडस्ट्रीज द्वारा 3 भागीदारों श्रीमती सारिका अग्रवाल पत्नी अनुज अग्रवाल आदि सभी निवासी 128/558, के ब्लॉक किदवई नगर कानपुर से कर रखा है जो प्रभावी है। जो कोई व्यक्ति, संस्था इत्यादि उक्त अनुबंधित सम्पत्ति को क्रय करता है तो सम्पूर्ण जिम्मेदारी उसकी होगी।

सुपार्श्व चन्द्र जैन



गड़रियनपुरवा में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

### एचबीटीयू में छात्रों ने फिर किया प्रदर्शन

**कानपुर।** छात्रवृत्ति की मांग को लेकर शुक्रवार को एचबीटीयू में छात्रों ने फिर प्रदर्शन कर दिया। छात्र प्रशासनिक भवन के सामने आकर नारेबाजी करने लगे। अधिकारियों के समझाने पर छात्र शांत हुए। छात्रों ने कहा कि यदि उनकी छात्रवृत्ति जल्द ही नहीं आती है तो वे बड़े प्रदर्शन को बाध्य होंगे। छात्रों का कहना है कि समाज कल्याण विभाग से संस्थान के लगभग 1600 छात्रों की छात्रवृत्ति फंसी है। वे एक अप्रैल से अपना पक्ष रख रहे हैं। उनके अभिभावकों ने उनकी पढ़ाई के लिए बैंकों से लोन लिया है। छात्रवृत्ति का धन न आने से परिवार के लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। छात्रों ने संस्थान पर छात्रवृत्ति के आवेदन के दौरान लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया है। छात्रवृत्ति के आंकड़ों को अपडेट नहीं किया गया। इससे उसकी एक प्रक्रिया छूट गई। उधर संस्थान की ओर से कहा गया कि संस्थान छात्रों की छात्रवृत्ति दिलाने के लिए पूरा प्रयास कर रहा है। कुलपति लगातार शासन से संपर्क कर रहे हैं। यदि छात्र अनुशासनहीनता करते हैं तो कार्रवाई करनी पड़ सकती है।



छात्रों को समझाते अधिकारी। अमृत विचार

UNISED Innovation in Education

UNISED
(Unit of Science & Educational Development)
Rashtriya Aavishkar Lab UNISED, BSA Office,
Govind Nagar, Kanpur Nagar-208006

आरईसी REC असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं Endless energy. Infinite possibilities. WITH PARTNERSHIP

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सिद्धार्थ नगर (उत्तर प्रदेश) में 100 सूर्य ऊर्जा संचालित स्मार्ट क्लासेज के सन्दर्भ में इच्छुक एजेंसीज को आमंत्रण। विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर लॉगिन करें www.unised.in आवेदन की अंतिम तिथि 25th अप्रैल 2024 है।

# सूचना पर 12 मिनट में पहुंच गई दमकल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एयरफोर्स हॉस्पिटल के आईसीयू के इलेक्ट्रानिक पैनल में आग लगने की एक टेस्टिंग कॉल दमकल को की गई। जिसके बाद मात्र 12 मिनट में फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई।

शुक्रवार को दोपहर बाद लगभग सवा तीन बजे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि 7 एयरफोर्स हॉस्पिटल के आईसीयू में आग लगी है। फायर स्टेशन मीरपुर छावनी से तत्काल दमकल रवाना हुई। टीम ने जाकर मौके पर देखा कि आग वास्तविक नहीं थी। मुख्य सुरक्षा अधिकारी रेड्डी ने बताया कि यह एक टेस्टिंग कॉल थी। रिस्पान्स टाइम 12 मिनट में फायर स्टेशन मीरपुर छावनी की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंच गईं।

### पुराने ट्रक में लगी आग

■ फजलगंज थानाक्षेत्र में गड़रियनपुरवा में पुराने खड़े कबाड़नुमा ट्रक में भीषण आग लग गई। फायर स्टेशन फजलगंज से आई दमकल ने आग को बुझा दिया।

### रेलमार्ग के पास झाड़ियों में लगी आग

■ चकेरी थानाक्षेत्र में रूमा में रेलमार्ग के निकट झाड़ियों में भीषण आग लग गई। फायर स्टेशन जाजमऊ से आई 1 फायर यूनिट ने आग को बुझा दिया। इसके बाद जाजमऊ के पास जंगल में आग भी बुझाई।




एयरफोर्स कर्मी से जानकारी लेते दमकल कर्मी। अमृत विचार

**जरीबचौकी अंडरपास** अब गाजियाबाद की कंसल्टेंट टीम बनाएगी अंडरपास की डीपीआर

# डीपीआर फंसी, बदली गई कंसल्टेंट टीम

एक्सक्लूसिव

अभिनव मिश्रा, कानपुर

**अमृत विचार।** करीब चार महीने के इंतजार के बाद भी जरीबचौकी अंडरपास की डीपीआर न मिलने के बाद सेतु निगम ने कंसल्टेंट टीम बदल दी है। सेतु निगम ने मल्टीडायरेक्शन अंडरपास निर्माण के लिए गाजियाबाद की कंसल्टेंट टीम का चयन किया है। इससे पहले यह जिम्मेदारी गुड़गांव की कंसल्टेंट कंपनी के पास थी। साथ ही अंडरपास की ड्राइंग एक अन्य टीम तैयार कर रही है। अनवरगंज से मंधना तक एलिवेटेड ट्रैक बनाने के लिए योजना तैयार की गई थी।

अनवरगंज से मंधना रेलवे स्टेशन तक जीटी रोड के समानांतर पड़ने वाली रेलवे लाइन पर 14 रेलवे क्रॉसिंग के कारण जीटी रोड पर भारी समस्या को सामना करना पड़ता है। इससे निजात के लिए रामादेवी से गोल चौराहे तक 10.85 किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड बनाने की योजना बनाई गई है। बाधा बन रही जरीब चौकी क्रासिंग के लिए सेतु निगम ने जरीबचौकी से घंटाघर, पीरोड, रामादेवी, गोल चौराहे से कालपी रोड आवागमन के लिए डबल लेयर मल्टी डायरेक्शन अंडरपास बनाने की योजना तैयार की थी। जिसकी अनुमानित लागत 360 करोड़ रुपये थी। जरीबचौकी क्रॉसिंग पर मल्टीडायरेक्शन अंडरपास की डीपीआर तैयार करने का काम गुड़गांव की कंसल्टेंट टीम को सौंपा गया था। कंसल्टेंट टीम को नवंबर माह में डीपीआर रिपोर्ट सेतु निगम को सौंपनी थी, जो अब भी नहीं सौंपी जा सकी। अब सेतु निगम ने गाजियाबाद की सीएम इंजीनियरिंग एंड सॉल्यूशन को डीपीआर तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही अंडरपास की ड्रांइग का जिम्मा त्रिपुंड एक्सप्लोरेशन प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया है। चयनित की गई कंसल्टेंट ने काम शुरू कर दिया है। कंसल्टेंट टीम का चयन करने के बाद सेतु निगम अधिकारी एलिवेटेड रोड निर्माण कराने वाले एनएच पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के साथ बैठक करने की तैयारी में जुट गए हैं।




क्रॉसिंगों का जाम हटाने की कवायद जारी है। अमृत विचार

### 207.75 करोड़ से यूटिलिटी शिफ्टिंग

मल्टी डायरेक्शन अंडरपास निर्माण के लिए स्मार्ट सिटी, जल निगम, वन विभाग, जलकल, केस्को, समेत अन्य विभागों ने जनसुविधाओं से जुड़े संसाधन (यूटिलिटी) शिफ्टिंग के लिए करीब 207 .75 करोड़ रुपये का एस्टीमेट भी सौंप दिया था। जिनसे बिजली के पोल, अंडरग्राउंड केबल, सीवर लाइन, वाटर लाइन, पेड़–पौधे हटाए जाने थे।

> चार महीने इंतजार के बाद भी पूर्व चयनित कंसल्टेंट टीम डीपीआर नहीं सौंप सकी। इस पर गाजियाबाद की कंसल्टेंट कंपनी को डीपीआर तैयार करने के लिए चयनित किया गया है।
>
> **विजय कुमार सेन, मुख्य परियोजना प्रबंधक, सेतु निगम**

**15** मीटर चौड़ी होगी मुख्य अंडरपास रोड

**5.5** मीटर होगी अंडरपास की ऊंचाई

**7.5** मी. चौड़ी होगी सिंगल लेन अंडरपास रोड

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैं रेवती देवी (Rewati Devi) अपने पुत्र पूरन सिंह गैड़ा के आर्मी नं.– 4205814L, निवासिनी–मानू ध्याड़ी, अल्मोड़ा, उत्तराखण्ड, मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम रेवती देवी (Ravti Devi) दर्ज है। अत: मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में रेवती देवी (Rewati Devi) दर्ज किया जाये।

**NOTICE**

I, No JC-502300H NB SUB Nishan Singh, R/o Village-Warring, Post-Moharipur, Teh. & Distt.-Taran Taran, Punjab have changed my name from Harwinder Kaur to Harvinder Kaur vide Affidavit dated 04 Apr 2024. In future I must be known as Harwinder Kaur to Harvinder Kaur.

**सूचना**

सूचित करता हूँ कि मैं **बबलू पुत्र स्व बदलू निवासी–सब्जी, बबुरा पोस्ट–बीजेमऊ, परगना–सरेनी, तहसील–लालगंज जिला रायबरेली** मेरे पैन कार्ड में मेरे पिता का नाम त्रुटिवश बदलू के स्थान पर बाबू अंकित हो गया है। अत: मेरे पिता का नाम पैन कार्ड में बाबू के स्थान पर बदलू अंकित किया जाये। मेरे सभी दस्तावेजों पर बदलू ही अंकित है। जो कि सही और सत्य हैं।

**सूचना**

**आवश्यकता**

अनुभवी मैनेजर/ कुक/स्वीपर की अयोध्या में 'द रामालया' निकट देवकाली, 'होम स्टे' के लिए चाहिये।

संपर्क करें– 9129959499

साल में लाखों कमाएं

**सूचना**

सूचित हो कि मैं रूपरानी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता निवासी– ग्राम बाबागांव गिदरैय्या, रहीमनगर थाना–नवाबगंज, पो0–धन्नी जिला–बहराइच, उ0प्र0 की मूल निवाासिनी हूँ। पहले मेरा नाम रूपरानी था। लेकिन अब मेरा नाम **राजकुमारी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता निकट –ग्राम बाबागांव गिदरैय्या, रहीमनगर थाना–नवाबगंज, पो0–धन्नी जिला–बहराइच, उ0प्र0** के समस्त सरकारी अभिलेखों में मेरा नाम राजकुमारी पत्नी स्व0 सूर्यभान गुप्ता हो गया है।



The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com 7388913338, 8005423919


**आज का मौसम**
तापमान में बढ़ोतरी की संभावना। तेज धूप रहेगी।

| 38.0° | 19.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05 : 54 | सूर्यास्त 06 : 28 |

**रमजान मुबारक**

| इफ्तार (शनिवार) | सहरी (रविवार) |
|---|---|
| सुन्नी-06 :28 | सुन्नी-04 :37 |
| शिया-06 :41 | शिया-04 :21 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज

- **स्थापना दिवस :** भाजपा के 45वें स्थापना दिवस पर क्षेत्रीय मुख्यालय नौबस्ता में झंडा रोहण सुबह नौ बजे।
- **उद्घाटन :** भाजपा का कालपी रोड एस्सेल पैलेस के पास केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन शाम चार बजे।
- **बैठक :** सपा कार्यालय में पीडीए परिवार से जनसंपर्क की तैयारी पर पदाधिकारियों की बैठक चार बजे।
- **संगीत :** नौटंकी प्रशिक्षण केंद्र द्वारा सच्चाई की लाश पर संगीतमय प्रस्तुती मर्चेंट चैंबर में शाम सात बजे।

# जाम में फंसीं 5 एंबुलेंस, एक में प्रसव, दूसरे में शिशु की मौत

## नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर शुक्रवार सुबह से दोपहर बाद तक भीषण जाम लगा रहा, दोनों ओर वाहनों की कतार करीब 15 किलोमीटर तक पहुंच गई

**अराजकता**

संवाददाता, बिधनू- कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर शुक्रवार सुबह से भीषण जाम लग गया और वाहनों की कतार करीब 15 किलोमीटर तक पहुंच गई। जाम में दो प्रसूताओं को लेकर जा रही एंबुलेंस भी फंस गईं। एक प्रसूता के गर्भस्थ शिशु की एंबुलेंस में ही मौत हो गई, वहीं दूसरी प्रसूता का एंबुलेंस में प्रसव कराना पड़ा। करीब नौ घंटे तक हाईवे पर लगे जाम के बाद घाटमपुर व रमईपुर की ओर वाहनों का डायवर्जन किया गया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका।

घाटमपुर से नौबस्ता की ओर मेट्रो के कार्य के चलते भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध होने के बावजूद रात होते ही भारी वाहनों का आवागमन शुरू हो जाता है। गल्लामंडी तक हो रहे मेट्रो निर्माण के चलते हाईवे संकरा हो गया है। शुक्रवार तड़के करीब पांच बजे से नौबस्ता के धोबिन पुलिया के पास से शुरू हुआ जाम धीरे-धीरे बढ़ता गया और देखते ही देखते वाहनों की कतार शंभुआ पुल तक पहुंच गई। बिधनू हाईवे से आकर मिलने वाली किसान नगर रोड भी ब्लॉक हो गई। जिसमें पांच एंबुलेंस घंटों तक फंसी रहीं। सचेंडी के पलरा गांव निवासी कमलेश ने बताया कि पत्नी सोनी को शुक्रवार सुबह प्रसव पीड़ा होने पर करीब पांच बजे एंबुलेंस से बिधनू सीएचसी के लिए निकले। किसान नगर रोड पर जाम लगा होने से एंबुलेंस रेंगते हुए किसी तरह से बिधनू हाईवे तक पहुंची। एंबुलेंस करीब तीन घंटे बिधनू हाईवे में जाम में फंसी रही। सुबह आठ बजे वह बिधनू सीएचसी पहुंचे पर तब तक गर्भस्थ शिशु की मौत हो चुकी थी। वहीं बिधनू ब्लॉक के छौकी गांव निवासी गर्भवती किरन भी घंटों जाम में फंसी रही, इस दौरान वह एंबुलेंस में दर्द से तड़पती रही। जैसे-तैसे एंबुलेंस सीएचसी गेट पर पहुंची, तब तक आशा बहू को एंबुलेंस में ही प्रसव कराना पड़ा। हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस व ट्रैफिक पुलिस पूरी तरह नाकाम रहीं। हर तरफ के रास्ते बंद होने के कारण जाम खुलवाने में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के भी पसीने छूट गए। इसके बाद पुलिस ने रमईपुर व घाटमपुर रोड पर वाहनों का डायवर्जन किया, जिसके बाद जाम से राहत मिल सकी।


घंटों जाम में फंसीं रहीं एंबुलेंस। अमृत विचार


किरन का प्रसव हुआ। अमृत विचार


सीएचसी में जांच करतीं अपर निदेशक स्वास्थ्य। अमृत विचार


अस्पताल में भर्ती सोनी। अमृत विचार

**09** घंटे तक फंसे रहे हजारों वाहन डायवर्जन किया

**05** बजे तड़के से शुरू हुआ था जाम, नहीं चेते अफसर

### एंबुलेंस स्टाफ की जांच और कार्रवाई के निर्देश

- बिधनू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ.संजू अग्रवाल को निरीक्षण के दौरान पता चला कि 102 एंबुलेंस पर एमटी न होने की वजह से बच्चे की गई जान है, इस पर उन्होंने सीएचसी प्रभारी डॉ. नीरज सचान से गाड़ी नंबर का पता कर जांच और कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सीएचसी निरीक्षण के दौरान उन्होंने लेबर रूम, इमरजेंसी व ओपीडी का निरीक्षण किया। मरीजों के बगल में अलमारी व रजिस्टर में लेखा-जोखा अधूरा मिलने पर उन्होंने डॉ मनीष और स्टॉफ सिस्टर को जमकर फटकार लगाई।

### जाम से कराहे लोग, खुली ट्रैफिक विभाग की पोल

- नौबस्ता हमीरपुर हाईवे पर रोजाना लगने वाले जाम के निराकरण के लिए बीते दो फरवरी को एसीपी ट्रैफिक सृष्टि सिंह ने नौबस्ता हाईवे का निरीक्षण किया था। उन्होंने जाम से बचाव के लिए 34 मेट्रो मार्शल व 14 ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की हाईवे पर तैनाती की थी। साथ ही ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को दो शिफ्ट में हाईवे पर पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए थे और हाईवे पर ट्रक के खराब होने पर उनको हटाने के लिए मेट्रो से हाइड्रा मशीन लेने को कहा गया था। लेकिन शुक्रवार को लगे जाम से पूरी व्यवस्था की पोल खुल गई। जाम के दौरान कई घंटों तक हाईवे पर न ही कोई मेट्रो मार्शल दिखा और न ही पेट्रोलिंग पार्टी। इसका खामियाजा लोगों ने भुगता।

## एक नजर

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**कानपुर।** गोरखपुर बसंतपुरा के राजगढ़ थानाक्षेत्र निवासी 30 वर्षीय विनोदी की ट्रेन से गिरकर मौत हो गई। गोविंद नगर पुलिस को उसका शव रेलवे ट्रैक किनारे पड़ा मिला। मामा विशाल ने बताया कि दो दिन पहले वह दिल्ली जाने को घर से निकला था। गुरुवार को मौत की जानकारी मिली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। थाना प्रभारी ने बताया हादसे में मौत की आशंका है।

### हुक्का पिलाने में रेस्टोरेंट संचालक पर रिपोर्ट

**कानपुर।** स्वरूप नगर पुलिस ने गुरुवार रात चाट चौराहा स्थित सेंट्रल कोर्टियार रेस्टोरेंट में छापेमारी की। रेस्टोरेंट में लोग हुक्का पीते मिले। पुलिस को तीन हुक्के, पाइप, तंबाकू समेत अन्य सामान मिला। पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक सागर गुप्ता को पकड़ा। आरोपी संचालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### दो शातिर गिरफ्तार

**कानपुर।** कल्याणपुर पुलिस ने दो युवकों को तमंचे, कारतूस, गांजे के साथ बारासिरोही पुल से धर दबोचा। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम बिठूर निवासी शिवम निषाद व बनियापुरवा निवासी शिवा उर्फ रौनी बताया।


# हार्निया के ऑपरेशन की नई विधि बताएंगे डॉक्टर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के हैलट अस्पताल में फासिओटेंस विधि से जटिल हार्निया के ऑपरेशन निशुल्क होंगे। इस तकनीक का लाभ उन मरीजों को सबसे अधिक मिलेगा, जिनके हार्निया बड़े हो जाते हैं। 27 व 28 अप्रैल को सर्जरी विभाग में अत्याधुनिक हार्निया कार्यशाला का आयोजन होगा, जिसमे जर्मनी के शल्य चिकित्सक एवं आधुनिक तकनीक फासिओटेंस के संस्थापक डॉ.जीरिऑन लिल जर्मनी समेत तीन डॉक्टर इस विधि से ऑपरेशन कर प्रशिक्षण देंगे।

मेडिकल कॉलेज में सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.जीडी यादव ने बताया कि अभी बड़े हार्निया की ओपन सर्जरी या लेप्रोस्कोप विधि से सर्जरी की जाती है। विदेश के डॉक्टरों ने फासिओटेंस एब्डोमेन वॉल रिपेयर करने की तकनीक खोज निकाली है।

इस संबंध में सर्जरी विभाग में 27 व 28 अप्रैल को अत्याधुनिक हार्निया कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जर्मनी से फासिओटेंस के संस्थापक डॉ.जीरिऑन लिल, डॉ.थॉमस व डॉ.बी. रमना शामिल होंगे। बड़े और जटिल हार्निया का ऑपरेशन निशुल्क किया जाएगा। इच्छुक मरीज ओपीडी कक्ष संख्या 29 में 12 अप्रैल तक सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक पंजीकरण करा सकते हैं।


फासिओटेंस विधि से ऑपरेशन (प्रतीकात्मक फोटो)।

- तकनीक के संस्थापक समेत तीन डॉक्टर आएंगे
- 27 व 28 को मेडिकल कॉलेज में हार्निया पर कार्यशाला

# एयरफोर्स सार्जेंट के परिवार से पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में एयरफोर्स सार्जेंट के दिव्यांग बेटे की जलकर मौत के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने पीड़ित परिवार से पूछताछ की। परिजनों ने पुलिस को मच्छर भगाने वाली क्वाइल जलाने की बात कही। पुलिस को मामले में फोरेंसिक रिपोर्ट आने का इंतजार है।

उत्तराखंड के मगनपुर थाना हल्दुखाता पौड़ी गढ़वाल निवासी प्रमोद कुकशाल एयरफोर्स में सार्जेंट है। वह पत्नी मालती और दो बेटे आरूप व आदित्य के साथ अहिरवां स्थित एयरफोर्स कैंपस में रहते हैं। गुरुवार सुबह बड़े बेटे आरूप के बिस्तर में आग लगने से उसकी मौत हो गई थी। वह डाउन सिंड्रोम बीमारी से ग्रसित था। जिसकी वजह से वह बोलने और चलने में असमर्थ था। इसी वजह से कमरे में आग लगने पर वह न चिल्ला पाया और न भाग पाया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था। शुक्रवार को चकेरी पुलिस ने पीड़ित परिवार से पूछताछ की। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने वताया कि परिवार ने बताया कि आरूप की बीमारी के कारण उसे अलग कमरे में रखते थे। बुधवार रात को बेटे के चारपाई के पास मच्छर भगाने वाला क्वाइल जला दिया था। शायद इसी से बेटे के बिस्तर में आग लग गई होगी। पुलिस ने कहाकि फोरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही आग लगने की सही जानकारी हो सकेगी। जांच की जा रही है।

# आरटीईः 25 सीटों पर एक भी बच्चे को प्रवेश नहीं दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आरटीई के प्रवेश पर निजी स्कूलों की मनमानी बढ़ती जा रही है। ताजा मामला हलीम मुस्लिम इंग्लिश स्कूल चमनगंज का है। इस स्कूल में आरटीई के तहत 25 बच्चों के प्रवेश आवंटित हुए थे लेकिन एक भी बच्चे का प्रवेश नहीं लिया गया। अभिभावकों को बहाने बनाकर दौड़ाया जाता रहा। स्कूल की ओर से बेसिक शिक्षा विभाग को भी गुमराह कर दिया गया। अब विभाग ने स्कूल को सभी प्रवेश जल्द लेने का नोटिस जारी किया है।

हलीम स्कूल पिछले एक महीने से लगातार अभिभावकों को अलग-अलग बहाना बनाकर दौड़ा रहा है। आरटीई के तहत एक भी बच्चे को प्रवेश नहीं दिया। इस पर अभिभावकों ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों से शिकायत की। अभिभावकों ने कहा कि आरटीई का नाम बताने मात्र से उन्हें स्कूल गेट से अंदर नहीं घुसने दिया जाता। इसके बाद विभाग ने स्कूल से पूछा तो स्कूल ने विभाग को भी गुमराह कर दिया। कहा गया कि स्कूल का नाम 'हलीम मुस्लिम इंग्लिश स्कूल' है। विभाग से यहां से भेजी गई लिस्ट में 'हलीम मुस्लिम स्कूल' दर्ज किया गया है। इसलिए आरटीई पात्रों की सूची उनके यहां की नहीं है। स्कूल अल्पसंख्यक आयोग से मान्यता की बात कहकर भी गुमराह कर रहा था। इसका प्रमाण पत्र मांगा गया तो स्कूल नहीं दे सका। इसके अलावा नाम बदलने और मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र पर आनाकानी की जा रही है। इस पर विभाग ने स्कूल को नोटिस जारी की है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि स्कूलों पर कार्रवाई की जाएगी।



स्कूल का कारनामा पकड़ा गया। अमृत विचार

| 650 | 327 | 129 |
|---|---|---|
| निजी स्कूलों में होने हैं प्रवेश | निजी स्कूलों ने दिए हैं आंकड़े | नामी स्कूलों ने भी आंकड़े छुपाए |

### 50 फीसदी स्कूलों ने किया खेल

**अमृत विचार।** आरटीई पर प्रवेश न करने पड़ें इसके लिए निजी स्कूलों ने प्रवेश संबंधित आंकड़े ही छुपा लिए हैं। जिले में अब तक सिर्फ 50 फीसदी निजी स्कूलों ने ही विभाग को प्रवेश से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई है। आंकड़े छुपाने वालों में शहर के 129 नमाचीन स्कूल शामिल हैं।

# पुलिस ने पकड़े मेडिकल स्टोरों के चार दलाल

**कानपुर।** हैलट अस्पताल की ओपीडी के सामने गेट के पास निजी मेडिकल स्टोरों के चार दलालों को हैलट चौकी इंचार्ज पंकज कुमार ने सिपाहियों के साथ मिलकर पकड़ लिया। चौकी इंचार्ज के मुताबिक चारों लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।



हैलट में निजी मेडिकल स्टोर के दलालों बोलबाला रहता है। ओपीडी से निकलने वाले मरीज या उनके तीमारदारों से वह हाथ से पर्चा छीनकर उनको अपने मेडिकल स्टोर में सस्ती दवा दिलवाने का झांसा देकर ले जाते हैं, जिनका इन दलालों को कमीशन मिलता है। कई बार यह दलाल आपस में पर्चे छीनने को लेकर झगड़ा भी करते हैं। हैलट में सुरक्षा के लिए तैनात किए गए सुरक्षा गार्ड भी इनको भगाना उचित नहीं समझते हैं, जिस वजह से इनका आतंक बढ़ता जा रहा है।

**सुविधा**

## कैंसर, हृदय, न्यूरो आदि रोगों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर मौजूद रहेंगे, जांचों में 50 फीसदी की छूट मिलेगी

# आईएमए मल्टी स्पेशियलिटी ओपीडी में मुफ्त इलाज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** महंगी फीस के कारण इलाज से महरूम रह जाने वाले लोगों के लिए अच्छी खबर है। अस्पतालों में बढ़ रही मरीजों की संख्या को देखते हुए आईएमए ने अपने भवन में निशुल्क मल्टी स्पेशियलिटी ओपीडी के संचालन की तैयारी की है। ओपीडी में कैंसर, हृदय रोग, न्यूरो, स्पाइन, चेस्ट, मनोचिकित्सक, गुर्दा समेत आदि रोगों से संबंधित डॉक्टर ओपीडी में निशुल्क मरीजों को देखेंगे।

आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी ने बताया कि सात अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आईएमए भवन में मल्टी स्पेशियलिटी ओपीडी की शुरुआत की जाएगी। इस वर्ष की थीम मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार है। स्वास्थ्य दिवस पर रविवार को आईएमए भवन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। शहर के विशेषज्ञ डॉक्टर सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक निशुल्क सेवाएं देंगे। शिविर में ईसीजी, ब्लड शुगर व बीपी की जांच निशुल्क की जाएगी। खून की जांचें आहूजा पैथोलॉजी में 50 फीसदी छूट पर होंगी। एक्सरे व अल्ट्रासाउंड में 30 प्रतिशत छूट रहेगी। आईएमए मल्टी स्पेशियलिटी ओपीडी के चेयरमेन डॉ. वीसी रस्तोगी ने बताया कि आईएमए कानपुर मल्टी स्पेशियलिटी ओपीडी में शहर और मेडिकल कॉलेज कानपुर के विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे।

**कोरोना व मेट्रो की वजह से हुई देरी :** आईएमए अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी ने बताया कि आईएमए काफी सालों से ओपीडी के संचालन को प्रयासरत था। वर्ष 2018 में ओपीडी के संचालन की गति पकड़ी, लेकिन कोरोना और इसके बाद मेट्रो कार्य की वजह से ओपीडी का कार्य प्रभावित हो गया था। सात अप्रैल से आईएमए भवन में पूर्ण रूप से ओपीडी का संचालन किया जाएगा।



जानकारी देतीं अध्यक्ष डॉ.नंदिनी रस्तोगी, सचिव डॉ.कुणाल सहाय, डॉ. वीसी रस्तोगी, डॉ. अनुराग मेहरोत्रा। अमृत विचार

### ओपीडी में इन रोगों के डॉक्टर रहेंगे

- आईएमए सचिव डॉ.कुणाल सहाय ने बताया कि मल्टी स्पेशियलिटी ओपीडी प्रतिदिन संचालित की जाएगी। यहां पर हड्डी रोग, त्वचा रोग, कैंसर रोग, न्यूरो, गायनी, हृदय रोग, चेस्ट रोग, नाक, कान व गला, गुर्दा रोग, बाल रोग, हार्मोंस एवं मधुमेह रोग, पेट रोग, स्पाइन, मूत्र रोग, लेप्रोस्कोपिक सर्जन व प्लास्टिक सर्जन समेत विभिन्न बीमारियों के विशेषज्ञ डॉक्टर ओपीडी करेंगे।

# छावनी की कीमती जमीन पर कब्जा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कोर्ट के आदेश पर कोतवाली में दर्ज हुआ मामला

**अमृत विचार।** छावनी थानाक्षेत्र में करोड़ों की बेशकीमती जमीन पर कब्जे करने को लेकर एक महिला ने न्यायालय के आदेश पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट कराई है।

हैरिसगंज कैंट निवासिनी आशा तिवारी ने पुलिस को बताया कि बंगला नंबर 116 व खुली भूमि के सभी अधिकार उनको पति की मृत्यु के बाद से प्राप्त हैं। उक्त बंगले की खुली भूमि में सामाजिक कार्यक्रमों को करती चली आ रही हैं। आरोप है, कि संजीव केडिया ने उक्त संपत्ति का वरासतन अपने को मालिक बताते हुए संजय पंजवानी को बेच डाला और प्राप्त प्रतिफल से सानिया विला स्थित आर्य नगर में बने अपार्टमेंट में एक फ्लैट ले लिया। विक्रय करने के बाद संजय पंजवानी, संजीव केडिया, अपनी मां पुष्पा केडिया व बहन विदुषी गोयल व एक अराजक तत्व संजय पांडेय व अन्य लोगों को लेकर उनको परेशान करने लगा। उक्त लोगों के कृत्यों के कारण छावनी परिषद ने भी अनावश्यक रूप से उनके द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्यों पर उन्हें परेशान कराना शुरू कर दिया। उनका छावनी परिषद से मामला न्यायालय चल रहा है। इसके बाद न्यायालय ने छावनी परिषद को आशा तिवारी के उक्त अध्यासी वाले भाग में किसी भी तरह के हस्तक्षेप से निषेधित कर दिया। जिससे नाराज होकर संजीव केडिया ने संजय पंजवानी व अन्य साथियों के साथ मिलकर आशा तिवारी से अभद्र व्यवहार किया और गालीगलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मुकदमे की पैरवी करने से रोका। आरोप है कि 21 मार्च को लगभग 12 बजे कचहरी परिसर में उक्त लोगों ने गालीगलौज व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस व पुलिस कमिश्नर से मामले की शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद उन्होंने न्यायालय से मदद ली। कोतवाली थानाप्रभारी संतोष शुक्ला ने न्यायालय के आदेश पर संजीव केडिया, पुष्पा केडिया, विदुशी गोयल, संजय पंजवानी, संजय पांडेय के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।



बच्चों ने भी दुआ की। अमृत विचार



अलविदा जुमा पर रोजेदारों ने अमन-चैन की दुआ की।  अमृत विचार



नमाज के बाद आतंकवाद का विरोध करते लोग। अमृत विचार

# अलविदा जुमा पर की गई शांति और तरक्की की दुआ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **शहर की हर मस्जिद में दुआ मांगी गई**

**अमृत विचार।** रमजान उल मुबारक के अलविदा जुमे पर मजलूमों की बेहतरी व सलामती के लिए शहर की हर मस्जिद में दुआ पढ़ी गई। अलविदा जुमे पर कुद्स दिवस मनाया जाता है। माहे रमजान के आखिरी जुमे पर मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गई।

इस मौके पर फिलिस्तीन के लिए भी दुआ की गई। मौलाना अलमदार हुसैन ने बताया कि मौजूदा समय में दुनिया आतंकवाद से परेशान है। जिसका न कोई मजहब है और न जात। इस्लाम का नियम है कि जिसने किसी एक बेगुनाह का खून बहाया उसने पूरी इंसानियत का खून बहाया।

उन्होंने कहा कि इस्लाम का आतंकवाद से वास्ता नहीं है। हजारों बेगुनाह लोग फिलिस्तीन में मारे गए हैं। इस मौके पर नायाब आलम, शहाब रिजवी, दानिश रिजवी, शारिब अब्बास, नजर अब्बास, मोहम्मद रजा आदि मौजूद रहे।

ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट के महासचिव नायाब आलम ने बताया कि रोजेदारों ने नमाज के बाद आपसी प्रेम, भाईचारा और देश की तरक्की की दुआ मांगी। मौलाना अलमदार हुसैन, मौलाना अजहर अब्बास, मौलाना नसीम अब्बास ने बताया आखिरी जुमे पर रोजेदारों और नमाजियों की दुआ जरूर कबूल होती है।

## अलविदा की नमाज पर रही कड़ी चौकसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **पुलिस के आला अफसर करते रहे पैदल मार्च**

**अमृत विचार।** शहर में अलविदा की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए कमिश्नरेट पुलिस पूरी तरह से अलर्ट रही। थानों की फोर्स की जोन और सेक्टर वार ड्यूटी लगाई गई। इस दौरान अफसरों ने ड्रोन और सीसीटीवी से शहर के चप्पे-चप्पे की निगरानी की। मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल लगाया गया था। आलाधिकारी सुबह से ही अर्द्धसैनिक बलों के साथ पैदल गश्त करते रहे।

एडिशनल सीपी हरीश चन्दर ने बताया पैरामिलिट्री फोर्स के साथ क्यूआरटी और अलग-अलग थानों का फोर्स तैनात किया गया था। इसके साथ ही 25 से ज्यादा पुलिस अधिकारी जुमे की नमाज को लेकर ड्यूटी पर लगाए गए थे। त्रिनेत्र ऑपरेशन के तहत सीसीटीवी से कंट्रोल रूम से चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखी गई। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट साझा करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई होगी। ऐसा करने से लोग बचें।

# हाईवे पर पलटी प्राइवेट बस, छह यात्री चुटहिल

### यशोदानगर में हादसे के बाद एक घंटे तक हाईवे रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार तड़के दिल्ली से बिहार जा रही प्राइवेट बस ड्राइवर को झपकी आने से अनियंत्रित होकर यशोदा नगर हाईवे पर पलट गई। नौबस्ता पुलिस ने खिड़कियों के शीशे तोड़ कर सवारियों को बाहर निकाला कर अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में पांच लोग मामूली रूप से चुटहिल हुए, वहीं तीन वर्षीय बच्चा गंभीर घायल हो गया।

दिल्ली की साइमा टूर एंड ट्रैवल्र्स एजेंसी की प्राइवेट बस शुक्रवार को दिल्ली से बिहार जा रही थी। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे बस यशोदा नगर हाईवे स्थित प्रताप होटल के पास पहुंची ही तभी ड्राइवर को झपकी आने से बस डिवाइडर से टकराते हुए पलट गई। सवारियों में



यशोदा नगर हाईवे पर पलटी बस।



घायल कार्तिक। अमृत विचार

चीख-पुकार मच गई।

राहगीरों की सूचना पर नौबस्ता पुलिस आई और खिड़कियों के शीशे तोड़ कर बस में फंसी सवारियों को बाहर निकाला। हादसे में छह लोग चुटहिल हो गए, वहीं बिहार, गया निवासी बिट्टू के तीन वर्षीय बेटे कार्तिक को गंभीर चोटें आईं। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामूली रूप से चुटहिल पांच लोगों को कांशीराम अस्पताल इलाज के लिए भेजा गया। इस संबंध में नौबस्ता इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद पांडेय ने बताया कि बस चालक फरार हो गया, बस को जब्त किया गया है।



दादानगर में पलटी कार। अमृत विचार

## तेज रफ्तार कार पलटी चालक घायल, फरार

**कानपुर।** दादा नगर चौराहे के पास शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार चालक घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची गोविंद नगर पुलिस ने कार को रास्ते से हटवा कर सड़क पर यातायात सुचारू कराया।

दादानगर फैक्ट्री एरिया चौकी प्रभारी अंकुर मलिक ने बताया कि शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार कार थम्सअप चौराहे से दादानगर चौराहे की ओर आ रही थी। चौराहे के पास वह तेज रफ्तार के कारण पलट गई। बताया कि हादसे में चालक घायल हो गया। चालक समेत कार सवार लोग मौके से फरार हो गए। कार नंबर के आधार पर चालक का पता लगाया जा रहा है।

### नाले में घुसी कार, तीन जख्मी

**कानपुर।** रावतपुर थानाक्षेत्र के केशवपुरम सिलेंडर चौराहा के पास शुक्रवार दोपहर एक अनियंत्रित कार पुलिया की रेलिंग तोड़ते हुए नाले में घुस गई। कार सवार तीन लोग मामूली रूप से जख्मी हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को नाले से बाहर निकलवाया। तीनों जख्मी से घर चले गए।

## नहीं दिए मकान के कागजात, रिपोर्ट

**कानपुर।** लोन अदा करने की बात कहकर मकान के कागजात व एनओसी न देने पर वृद्धा ने आठ आरोपियों के खिलाफ किदवई नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

किदवई नगर निवासी सरला (82) ने बताया कि उन्होंने 2012 में जबलपुरनिवासी अश्विनी गुप्ता उनके भाई जान्हवी गुप्ता व सुशील गुप्ता से 67 लाख रुपये में मकान खरीदा था। मकान में करीब पांच लाख रुपये का लोन था। जिसको चुकाने के बाद उक्त लोगों ने बैंक से मकान के कागजात व एनओसी देने की बात कही। सरला ने लोन चुकाने के बाद कागजातों की मांग की तो आरोपी टाल मटोल करने लगे। आरोप है कि बीते 12 सितंबर को वह अपने अधिवक्ता के साथ अश्विनी से मकान के कागज लेने जबलपुर गईं तो वह नहीं मिले। सरला के मुताबिक अश्विनी की पत्नी ने अनुपमा, बेटे इंद्रम व कार्तिक ने फोन कर धमकी दी। आरोप है कि 16 अक्टूबर को अश्विनी गुप्ता ने उनके रिश्तेदार को फोन कर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

# मालगाड़ी का इंजन पटरी से उतर गया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **सीपीसी मालगोदाम जा रही थी मालगाड़ी, सवा घंटे बाद दुर्घटना राहत यान पहुंचा**

**अमृत विचार।** जीएमसी यार्ड से सीपीसी मालगोदाम जा रही खाद लदी मालगाड़ी का इंजन शुक्रवार को बेपटरी हो गया। सवा घंटे बाद दुर्घटना राहत यान मौके पर पहुंचा। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद इंजन पटरी पर किया गया। अधिकारियों ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि ट्रैक प्वाइंट की गड़बड़ी से इंजन के चार पहिये पटरी से उतर गए थे। तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है।

मालगाड़ी जीएमसी यार्ड से शुक्रवार सुबह दस बजे सीपीसी मालगोदाम खाद उतारने के लिए चली थी। दो मिनट बाद ही इंजन के चार पहिये पटरी से उतर गए। गार्ड केबिन में प्रेशर लो होते ही वॉकीटाकी से चालक ने इंजन ट्रैक से उतर जाने की सूचना दी। कंट्रोल की सूचना पर 11.15 बजे दुर्घटना राहत यान (एआरटी) मौके पर पहुंचा। पटरी से उतरे इंजन को वैगन से काटकर अलग किया गया। 12 बजे पटरी से उतरे चारों पहियों को चढ़ाया गया।

# करेंसी बदलवाने के बदले 300 रुपये कमीशन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **पुलिस ने की छापेमारी हिरासत में लेकर पूछताछ**

**अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने करेंसी बदलवाने के नाम पर खेल का खुलासा किया है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह दो हजार के नोटों को रिजर्व बैंक से बदलवाने के नाम पर लोगों को उसमें 300 रुपये कमीशन देने का काम करता था। गरीब और जरूरतमंद लोग उसके इस गैंग के शिकार बन गए। पुलिस ने जब करेंसी बदलवा रहे लोगों से पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने तकरीबन 60 से 70 लोगों को पकड़ा था। जिसमें से कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अन्य को छोड़ दिया गया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत



थैले में भरे सिक्के। अमृत विचार

पुलिस ने रिजर्व बैंक के बाहर करेंसी बदलवाने आए लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए लोगों से पूछताछ की गई तो पता चला कि सभी दो हजार के पुराने नोट को बदलने के लिए आए थे। जिसके बदले उन्हें सिक्के मिल रहे थे। इसके लिए उन्हें एक आधार कार्ड लगाना होता था। इसके बदले उन्हें 300 रुपये का कमीशन दिया जाता था। रिजर्व बैंक के पास ही एक शख्स मिलता था। जो उन्हें बीस हजार रुपये के पुराने दो हजार के नोट दे देता था और वह बदलकर उन्हें वापस कर देते थे। इस तरह खेल करने पर अनुमान लगाया जा सकता है, कि इसके पीछे कोई बड़ा गिरोह काम कर रहा है। गिरोह में शामिल लोग गरीब और असहाय लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। रिजर्व बैंक के बाहर पकड़े गए लोग ऐसे लोग थे जो इस लालच में आ गए कि उन्हें आज का दिन बीतने के लिए और खाना खाने के लिए 300 रुपये मिल जाएंगे। पुलिस ने कुछ लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया और उनसे पूछताछ शुरू की। उनके आधार कार्ड जब्त कर लिए। वहां पर जो लोग बुजुर्ग थे और महिलाएं थी उनके हाथों में दो हजार के 10 के सिक्के के थैले थे जिसकी वजह से वह भाग नहीं सके।

इस संबंध में एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह ने बताया पुलिस को कुछ महिलाएं दो हजार के नोट बदलवाने के लिए गई मिलीं जो पैसे लेकर वापस आई थीं। उन्होंने बताया कि इसके बदले उन्हें 300 रुपये कमीशन दिया जा रहा है। पुलिस करीब 40-50 लोगों को थाने ले आई थी। जहां सभी से पूछताछ की गई। देर शाम तक उन लोगों को छोड़ दिया। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। एसीपी का कहना था कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### बकाया मांगने पर टेनरी संचालक ने धमकाया

**कानपुर।** नवाबगंज के रहने वाले चमड़ा व्यापारी अभिषेक सिंह ने पुलिस को बताया कि अपनी फर्म अलीना एक्सिम के जरिए जाजमऊ की अब्दुल्ला टेनरी को चमड़ा सप्लाई करते थे। टेनरी का मैनेजर आमिर रिजवी उनकी फर्म से माल खरीदता था। आमिर ने 2022 व 2023 में 45 लाख का माल खरीदा था। जिसका पेमेंट नहीं दिया। टेनरी संचालक अब्दुल्ला सलूज मैनेजर आमिर रिजवी को नौकरी से निकाल दिया। वह अपना बकाया पेमेंट मांगने टेनरी गये तो टेनरी संचालक व मैनेजर दीपू सिंह ने उन्हें धमकाया। पुलिस से शिकायत कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर जाजमऊ पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।



मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी का सम्मान करते पदाधिकारी।

### होली के गीतों पर जमकर झूमे लोग

**कानपुर।** हॉस्पिटैलिटी एसोसिएशन ऑफ यूपी की ओर से शुक्रवार को होली मिलन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने दीप जलाकर कार्यक्रम शुरू किया। भजन गायक प्रवीण सिंह ने भजन सुनाए। होली के गीतों पर लोग जमकर नाचे। एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर फूलों की होली खेली। एसोसिएशन के संरक्षक आरके सेठी, सरदार इंदरजीत सिंह, छाया अग्रवाल, संजय पटेल, विकास मेहरोत्रा, शिव शरण गुप्ता, अतुल शर्मा, राम सिंह, सुरेश शाहू, गुरदीप सिंह, वेद प्रकाश मिश्र, संजय कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



गणगौर बनवारा का उत्सव मनाया गया। अमृत विचार

### अखंड सुहाग, अच्छा घर व वर मांगा

**कानपुर।** माहेश्वरी समाज का पारंपरिक त्योहार गणगौर बनवारा का उत्सव चित्रा भुराड़िया के निवास पर शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने गणगौर से अखंड सुहाग, अच्छा घर व वर मांगा। गणगौर बनवारा उत्सव के बारे में मान्यता है कि कुंवारी बेटियां अच्छे घर और वर की प्राप्ति के लिए 16 दिनों तक गणगौर की पूजा करतीं हैं। साथ ही अखंड सुहाग के लिए शिव व गोरा का पूजन करतीं हैं। शुक्रवार को करीब 100 बहनों ने गणगौर बनवारा का उत्सव मनाया। सभी ने मंगल गीत गाकर गणगौर को रिझाया। पूजन के बाद अपनी मनोकामना पूर्ण होने का आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर चित्रा भुराड़िया, राज काबरा, प्रीति राठी, सुजाता राठी, बीना सोमानी, निशा राठी, शालिनी करनानी, संध्या, मनीषा, निकिता आदि रहीं।



मेट्रो ट्रैक के पियर कैप तैयार हो गए। अमृत विचार

### सेक्शन के पियर कैप्स का इरेक्शन पूरा

अमृत विचार। मेट्रो के कॉरिडोर-1 (आईआईटी से नौबस्ता) के अंतर्गत बारादेवी से नौबस्ता के बीच बन रहे एलिवेटेड सेक्शन में शुक्रवार को सभी 166 पियर कैप्स के परिनिर्माण (इरेक्शन) का कार्य पूरा कर लिया गया। देर रात यूपीएमआरसी के सिविल इंजीनियरों ने निर्माणाधीन बौद्ध नगर स्टेशन के पास आखिरी पियर कैप का इरेक्शन किया। पियर कैप्स को पियर (पिलर) के ऊपर रखा जाता है। इन पियर कैप्स पर ही गर्डर्स का इरेक्शन होता है। प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा, कि बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन का सिविल निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। जल्द ही इस सेक्शन के प्री-कास्ट होने वाली सभी संरचनाओं की कास्टिंग का कार्य भी पूरा हो जाने की उम्मीद है।

### पुलिस कमिश्नर ने परेड का किया निरीक्षण

**कानपुर।** शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित प्रात: कालीन परेड का पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने निरीक्षण किया। परेड के टर्न आउट, कर्मचारियों के ड्रिल अभ्यास को देखा। कमिश्नर ने रागेन्द्र स्वरूप ऑडिटोरियम से पुलिस ऑफिस होते हुए गोरा कब्रिस्तान तक अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ पैदल मार्च किया। परिवहन शाखा, पुलिस लाइन मेस, आरक्षी बैरिक, क्वार्टर गार्द, आवासीय बैरक, कैंटीन आदि का निरीक्षण किया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

तकनीक

**नदियों में बढ़ते प्रदूषण की निगरानी के लिए आईआईटी कानपुर ने बनाई विशेष मशीन**

# नई मशीन से हर घंटे हो सकेगी नदियों के भारी तत्व की पहचान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नदियों के प्रदूषण के स्तर को जानने के लिए अब लंबा इंतजार नहीं करना होगा। आईआईटी कानपुर के वैज्ञानिकों ने ऐसी मशीन बनाई है जो नदियों में भारी तत्वों की पहचान आसानी से और जल्दी कर सकेगी। हर घंटे जल में मिले भारी तत्वों को पहचाना जा सकेगा। अभी भारी तत्वों की पहचान के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था।

आईआईटी कानपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के वैज्ञानिकों ने मशीन बनाई है जिसकी लागत सिर्फ तीन लाख रुपये बताई जा रही है। आईआईटी कानपुर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के वरिष्ठ प्रो बिशाख भट्टाचार्य ने




आईआईटी ने बनाई मशीन।

बताया कि मशीन के जरिये नदियों में गिरने वाले औद्योगिक प्रदूषण के भारी तत्वों की पहचान आसानी से की जा सकेगी। अब यह जानकारी हर घंटे मिल सकेगी। प्रोफेसर बिशाख भट्टाचार्य ने इस मशीन को तीन अन्य प्रोफेसरों के सहयोग से तैयार किया है। मशीन का नाम एनएसवीएस रखा गया है। यह नाम निराकरा स्वयंशासित वेधशाला का शॉर्ट कट है। इस मशीन को तैयार करने में टीम को चार साल का समय लगा है।

अमेरिकी संस्थान का भी सहयोग बताया गया कि सबसे पहले अमेरिका की मिसीसिपी नदी पर स्टडी की गई। वहां इसी तरह की मशीन से हर घंटे नदी की निगरानी की जाती है। इसके लिए अमेरिका के एक निजी संस्थान से ऑटो सैंपलर व अन्य तकनीक की सहायता भी ली गई। इसके बाद आईआईटी कानपुर में मशीन को तैयार कर दिया गया। मशीन का परीक्षण करने के लिए कर्णप्रयाग से लेकर कानपुर के गंगा बैराज तक विभिन्न स्थानों पर पानी के नमूने लिए गए और उसमें प्रदूषण की मात्रा को देखा गया। इस मशीन की जानकारी केंद्र सरकार को दी जा चुकी है। वहां से अनुमति मिलने के बाद देशभर की नदियों में प्रदूषण की मात्रा समेत अन्य जानकारी एकत्रित करने के लिए मशीन का उपयोग किया जा सकेगा।

## अब गंगा सहन नहीं कर पा रही प्रदूषण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में सतत प्रबंधक प्रथाओं पर दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित हुआ। विशेषज्ञों ने गंगा में बढ़ रहे प्रदूषण पर चिंता व्यक्त की। सम्मेलन में लगभग दो सौ विशेषज्ञों और शोधार्थियों की ओर से राय व्यक्त की जाएगी।

स्कूल ऑफ बिजिनेस मैनेजमेंट में हुए सम्मेलन में आईआईटी रुढ़की के प्रो विनय शर्मा ने कहा कि अब गंगा प्रदूषण को समाहित नहीं कर पा रही है। अगर इसका निवारण जल्द नहीं हुआ तो गंभीर परिणाम होंगे। प्रो सुजीत कुमार दुबे ने कहा




दो दिवसीय सम्मेलन की शुरुआत करते विशेषज्ञ। अमृत विचार

कि हम अपनी पुरानी धारणाओं व प्रकृति से बिछड़ गये हैं। पुराने मूल्यों एवं संस्कृति से जुड़ें। आईओवा स्टेट यूनिवर्सिटी यूएसए के प्रो0 राज अनिहोत्री, पेन्जा स्टेट यूनिवर्सिटी रूस की प्रो लेला गैमिडूलैवा, आईआईएम प्रो रामेन्द्र सिंह व चाइना के हेनन विश्वविद्यालय प्रो फुली जूहू ने ऑनलाइन प्रतिभाग किया। इसके अलावा बीएचयू के प्रो एसके दुबे, ओपेन जिंदल विश्वविद्यालय प्रो आशीष द्विवेदी, प्रो अंशू यादव, संयोजक डॉ प्रभात द्विवेदी, डॉ अर्पणा कटियार रहे।

# डिग्री शिक्षकों को चुनाव में न लगाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



जिलाधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे कूटा के पदाधिकारी। अमृत विचार

- कानपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ का डीएम को ज्ञापन
- शिक्षण और परीक्षा कार्य प्रभावित होने की बात कही


**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू विश्वविद्यालय व सहायता प्राप्त संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों को चुनाव ड्यूटी से दूर रखे जाने के लिए शुक्रवार को कूटा पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर कहा कि चुनाव ड्यूटी से शिक्षण कार्य के साथ परीक्षाओं में संकट खड़ा हो सकता है।

कानपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ 'कूटा' के अध्यक्ष प्रो बीडी पाण्डेय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला और कहा कि विश्वविद्यालय व संबद्ध सहायता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षकों का पद लाभ का नहीं है। ऐसे में शिक्षक विभिन्न चुनावों में प्रत्याशी बन सकते हैं। किसी भी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार कर सकते हैं, उनके पोलिंग एजेंट बन सकते हैं। राजकीय कर्मचारियों की तरह कोड ऑफ़ कंडक्ट विश्वविद्यालय व सहायता प्राप्त संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों पर लागू नहीं होता है। वर्तमान में शिक्षक प्रस्तावित विश्वविद्यालय परीक्षाओं में आंतरिक मूल्यांकन, प्रयोगात्मक परीक्षा, प्रश्नपत्र-निर्माण, प्रोजेक्ट, लघु शोध प्रबंध जैसे कार्यों में व्यस्त हैं। इसलिए विवि व सहायता प्राप्त संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों को लोकसभा निर्वाचन की ड्यूटी से पूर्व की तरह मुक्त रखा जाए। प्रतिनिधिमंडल में डॉ अवधेश सिंह, डॉ अर्चना दीक्षित, डॉ विमल कुमार जायसवाल, डॉ शैलेन्द्र शुक्ल, डॉ ओपी गुप्ता, डॉ सौम्यदीप भट्टाचार्य, डॉ गौरव यादव, डॉ संतोष यादव शामिल रहे।

# आयकर को नकदी व कालेधन के बारे में बताएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में अवैध नकदी और काले धन का इस्तेमाल रोकने के लिए आयकर विभाग ने कंट्रोल रूम की स्थापना करके उसका टोल फ्री नंबर जारी किया है। आम नागरिक भी इस नंबर पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की ओर से कंट्रोल रूम खोला गया है। कंट्रोल रूम का टोल फ्री नंबर 18001807540 और व्हाट्स एप नंबर 6388736373 है। इन नंबरों के अलावा निर्वाचन को प्रभावित करने के मकसद से प्रयोग की जाने वाली नकदी और कालेधन को लेकर कोई भी




शिकायत फैक्स नंबर 0522-2233306 पर भी की जा सकती है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि निर्वाचन को प्रभावित करने के उद्देश्य से इस्तेमाव की जाने वाली नकदी या कालेधन की शिकायत विभाग के कंट्रोल रूम में उक्त नंबरों पर कर सकते हैं। टोल फ्री नंबर पर शिकायत करने वाले के बारे में कोई जानकारी नहीं ली जाएगी। टीम अपने स्तर पर जांच करेगी। व्हाट्स एप से मिली शिकायत में भी शिकायतकर्ता को पूरी तरह गोपनीय रखा जाएगा।

## पॉलीटेक्निक में प्रशिक्षण के लिए तैयारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नोडल अधिकारी नामित कमरों में सफाई के साथ हो रही कुर्सी-मेज की व्यवस्था
- 9152 कार्मिकों को संस्थान में दिया जाएगा आठ से 13 अप्रैल के बीच प्रथम प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** कानपुर लोकसभा क्षेत्र में मतदान कार्मिकों के प्रथम प्रशिक्षण के प्रभारी अधिकारी सुधीर कुमार ने अफसरों को जिम्मेदारी सौंप दी है। इसके साथ ही राजकीय पॉलीटेक्निक में मतदान प्रशिक्षण की तैयारियां शुरू हो गई हैं। कमरों में साफ-सफाई के साथ-साथ कुर्सी-मेजों की मरम्मत का काम चालू हो गया है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन के तहत कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण राजकीय पॉलीटेक्निक में आठ से 13 अप्रैल के बीच आयोजित होगा। इसमें 200 मास्टर ट्रेनर कार्मिकों को प्रशिक्षण देंगे। प्रभारी अधिकारी कार्मिक-प्रशिक्षण ने असफरों को समय से काम पूरा कराकर प्रशिक्षण कराने के आदेश दिए हैं। पहले चरण में 9152 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 25 कमरे आवंटित किए गए हैं। कमरों में फर्नीचर, चुनाव सामग्री के लिए स्टोर रूम, लेखन सामग्री के लिए कमरे की व्यवस्था की जिम्मेदारी राजकीय पॉलीटेक्निक के प्राचार्य को दी गई है। प्रशिक्षण स्थल पर कंट्रोल रूम की स्थापना व 25 प्रोजेक्टर्स की व्यवस्था ऑपरेटर सहित की जानी है। इसका दायित्व बीएसए, आईटीआई पांडुनगर के प्राचार्य और जिला पंचायत राज अधिकारी को दिया गया है। कमरों में प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट, प्रोजेक्टर व लैपटॉप के लिए फिटिंग व कनेक्शन की जिम्मेदारी भी तय कर दी गई है। प्रभारी अधिकारी कार्मिक-प्रशिक्षण ने बताया कि प्रशिक्षण की तैयारियों का एक दर्जन से अधिक से अधिक अफसरों को काम सौंपा गया है।

# मोदी-योगी गरजेंगे तो नड्डा व शाह भी भरेंगे हुंकार

## भाजपा ने कानपुर-बुंदेलखंड की 10 सीटों के लिए क्षेत्रीय चुनाव प्रबंधन समिति बनाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कानपुर-बुंदेलखंड की 10 सीटों पर चुनाव प्रबंधन समिति की जानकारी देते क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव-2024 में उत्तर प्रदेश में मिशन-80 पूरा करने के लिए भाजपा ने कमर कस ली है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी 10 सीटें जीतने के लिए पार्टी ने अपने 20 विभागों के लिए क्षेत्रीय चुनाव प्रबंधन समिति की घोषणा कर दी है। इसमें 80 लोगों को शामिल किया गया है। शुक्रवार को समिति की घोषणा के साथ ही पीएम मोदी, सीएम योगी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह, और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जनसभाओं तथा अन्य कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदारी तय कर दी गई।

भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने क्षेत्रीय पदाधिकारियों की बैठक में क्षेत्रीय चुनाव प्रबंधन समिति लोकसभा 2024 की घोषणा करते हुए कहा कि यह प्रबंध समिति कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 10 लोकसभा क्षेत्रों में आवंटित किए गए कार्यों को संचालित करेगी। इस संचालन समिति में क्षेत्र के पदाधिकारियों के अतिरिक्त वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर जारी की गई चुनाव प्रबंधन समिति में 20 विभागों में विभिन्न नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### आनंद राजपाल रैली विभाग के होंगे प्रमुख

- सूची में रैली विभाग का प्रमुख आनंद राजपाल को बनाया गया है। बूथ प्रबंधन कार्य प्रमुख के लिए चार लोगों का नाम तय हुआ है। इसमें पूनम द्विवेदी, दिलीप गुप्ता के साथ दिनेश मौर्य और वीरेंद्र तिवारी को लगाया गया है। पीएम मोदी और अन्य राष्ट्रीय नेताओं के कार्यक्रमों की जिम्मेदारी सुनील तिवारी की रहेगी। इसी तरह सीएम योगी व प्रदेश नेतृत्व के कार्यक्रमों को देवेंद्र देव गुप्ता और संदीपन अवस्थी देखेंगे। पार्टी की अन्य सभाओं और नुक्कड़ सभाओं को राजेश भदौरिया, प्रमोद अग्रहरि बार्डर और पवन पांडेय देखेंगे।

### मीडिया सेंटर और सोशल मीडिया में भी चार-चार लोगों को लगाया गया

- भाजपा के मीडिया सेंटर में क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी के साथ अशोक मिश्रा, रोहित अवस्थी और नीरज गुप्ता को रखा गया है। नीरज गुप्ता की मीडिया सेंटर में दोबारा वापसी हुई है। सोशल मीडिया प्रमुख में अनिल यादव, महेंद्र विक्रम सिंह, हर्ष द्विवेदी को जगह दी गई है।

# रील, यूट्यूब वीडियो से नए वोटर जोड़ने का अभियान




- भाजपा की कानपुर सीट पर पहली बार मतदान करने वाले 55,434 युवाओं को रिझाने की पहल
- मोदी सरकार के 10 साल के वह 10 काम किए शामिल, जिनसे युवाओं का जीवन हुआ बेहतर

**कानपुर।** भाजपा ने कानपुर लोकसभा क्षेत्र में युवा मतदाताओं तक पहुंचने की व्यापक योजना बनाई है। इसके लिए पार्टी सोशल मीडिया पर रील, स्टोरी और यूट्यूब वीडियो के जरिए युवाओं तक अपनी बात पहुंचाएगी। युवाओं को जोड़ने के अभियान में मोदी सरकार के दस सालों में युवाओं के लिए लाई गईं दस बड़ी योजनाओं को शामिल किया गया है। कानपुर सीट पर करीब 55,434 नए वोटर हैं। इन युवाओं तक पहुंचने के लिए पार्टी ने उनके तौर-तरीकों में ही संवाद का निर्णय लिया है।

पार्टी का मानना है कि युवा रील, स्टोरी और यूट्यूब के वीडियो पसंद करते हैं। इसलिए पार्टी ने इन्हीं माध्यमों से उन तक अपनी बात पहुंचाने का फैसला लिया है। नए वोटरों को भाजपा के पक्ष में लाने का जिम्मा शशांक मिश्रा और सुजीत चंदेल को सौंपा गया है। भाजपा नेताओं का मानना है कि केंद्र सरकार की दूरदर्शी पहल ने युवाओं के जीवन को बेहतर बनाया है और उनमें स्वाभिमान की भावना पैदा की है।

छोटी, आकर्षक और ट्रेंडी वीडियो की श्रृंखला से युवाओं को राजग सरकार के दस सालों में लाई गई जिन दस बड़ी योजनाओं को बताया जाएगा, उनमें 'स्टार्टअप इंडिया' प्रमुख है, जिसके चलते भारत में एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकार्न मौजूद हैं। इनमें लाखों युवा काम कर रहे हैं।

इसी तरह राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 है, जिसने देश के शैक्षिक परिदृश्य को नया रूप दिया है। 10 वर्षों में 390 नए विश्वविद्यालय, सात आइआइएम, सात आइआइटी और 15 एम्स स्थापित हुए हैं। भारत का खेल क्षेत्र 'खेलो इंडिया' और ओलंपिक पोडियम योजना जैसी पहलों से बदल गया है जिसका लाभ हजारों युवाओं को मिल रहा है। भाजपा नेता कहते हैं कि देश में बन रहे एक्सप्रेस-वे, वंदे भारत ट्रेनें, अटल बिहारी वाजपेयी ट्रांस हार्बर लिंक जैसी योजनाएं न केवल बुनियादी ढांचे को नया आकार दे रही हैं बल्कि युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध करा रही हैं। मेट्रो के माध्यम से कनेक्टिविटी, 5जी और यूपीआई के जरिए डिजिटल विकास जैसे काम भी इस प्रचार का हिस्सा हैं।


## सार-संक्षेप



होली खेलते भाजपा नेता। अमृत विचार

### भाजपा के होली मिलन समारोह में फाग की धूम

**कानपुर देहात।** भाजपा की ओर से अकबरपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान फगुआरों ने पारंपरित फाग गाकर समां बांध दिया। शुक्रवार को अकबरपुर में होली मिलन समारोह में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, पूर्व सांसद देवेंद्र सिंह भोले, जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला पहुंचे। कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र सिंह गुड्डन व चेयरमैन दीपाली सिंह ने आए हुए अतिथियों का फूल माला व प्रतीक चिंह के साथ स्वागत किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि होली मिलन कार्यक्रम आपस में बैर भाव दूर करने का माध्यम है। सतयुग से चली आ रही परंपरा को हम बड़े श्रद्धा भाव से मनाते हैं। ताकि आपस के मनभेद को दूर किया जा सके। इस दौरान दिनेश राय, राजेश शुक्ला, डॉक्टर सतीश शुक्ला, राम प्रकाश कुशवाहा, राजेंद्र सिंह राजू, बंसलाल कटियार, राम प्रकाश कुशवाहा, विकास भोले, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष परवेश कटियार, रवि शुक्ला, करुणा शंकर दिवाकर, विद्यासागर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते सपा नेता रवि सोनकर। अमृत विचार

### सपा पार्षद प्रत्याशी भाजपा में शामिल

**कानपुर।** भाजपा उत्तर कार्यालय नवीन मार्केट में बिल्हौर विधानसभा से विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने वार्ड 15 से सपा के तीन बार के पार्षद प्रत्याशी रहे रवि सोनकर को जिला अध्यक्ष दीपू पांडे की अध्यक्षता में पार्टी की सदस्यता दिलाई। रवि सोनकर ने कहा कि पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थाम रहा हूं।



गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा का जनसंपर्क में हुआ स्वागत। अमृत विचार

### भाजपा राज में महंगाई और भ्रष्टाचार बढ़ा

**कानपुर।** नगर सीट से सपा-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने शुक्रवार को ईदगाह, गन फैक्ट्री, गंगा बैराज, निषाद पार्क, अर्मापुर स्टेट, कैलाश नगर, गोविंदनगर चावला मार्केट, मखनिया बाजार, हूलागंज और मोती मोहाल में लोगों से जनसंपर्क किया। इस दौरान प्रत्याशी ने लोगों का आशीर्वाद लिया। बुजुर्ग, युवा, महिला मतदाताओं से मतदान की अपील की। साथ ही भाजपा कार्यकाल में बढ़ी महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी के बारे में लोगों का बताया। इससे पहले उन्होंने कांग्रेस की सरकार में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। बताया बीते दस सालों में महंगाई ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। पेट्रोल और रसोई गैस की कीमतें आसमान छू रही हैं।

### 19 डिग्री तक पहुंचा न्यूनतम तामपान

**कानपुर।** मौसम में गर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को मौसम विभाग की ओर से अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 19 .6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सीएसए विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ . एसएन सुनील पाण्डेय ने बताया कि तेजी से बढ़ रहे तापमान में फिलहाल किसी तरह की राहत मिलने वाली नहीं है। बुधवार को आसमान में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है। इस बीच तेज हवाओं के चलने से धूल भरी आंधी भी चल सकती है। शहर में प्री मॉनसून की गतिविधियां भी देखी जा सकती है।

### गंगा प्रदूषण को बनाएं चुनाव में मुद्दा

**कानपुर।** गंगा प्रदूषण मुक्ति अभियान सेवा समिति की ओर से लोकसभा चुनाव में गंगा के प्रदूषण को मुद्दा बनाया जाएगा। इसके लिए समिति जल्द ही भाजपा, कांग्रेस और बसपा के उम्मीदवारों का घेराव करेगी। अध्यक्ष राघवेंद्र वर्मा ने कहा कि नदियों को प्रदूषण मुक्त करने के नाम पर जबरदस्त खेल हो रहा है। इसकी जांच होनी चाहिए। नाले अब भी गिर रहे हैं और उनहें रोकने वाला कोई नहीं है। इस चुनाव में समिति के पांच सौ से अधिक पदाधिकारी घर- घर जाएंगे और लोगों को गंगा की हकीकत बताएंगे। गंगा में गिरते नालों को रोकने का जो वादा करेगा उसे ही वोट देने का सुझाव देंगे। गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के साथ ही उसकी सहयोगी नदी पांडु को भी प्रदूषण मुक्त करने की जरूरत है ।

# मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की शपथ, नुक्कड़ नाटक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से शुक्रवार को ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज मतदान जागरुकता अभियान आयोजित हुआ। इसमें मतदान करने का महत्व बताया गया। खुद वोट करने और आसपास के लोगों को वोट के लिए जागरुक करने की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रभारी मतदाता जागरुकता अभियान राजेश कुमार ने कहा कि मतदान हर व्यक्ति का अधिकार होने के साथ साथ जिम्मेदारी भी है। प्रशासन व निर्वाचन आयोग मतदताओं की सुरक्षा के लिए संकल्पित है। वर्ष 2019 के चुनाव में कानपुर जनपद में मतदान मात्र 59 प्रतिशत रहा था, इसका अर्थ यह हुआ कि 41 प्रतिशत लोगों ने लोकतंत्र के प्रति निष्ठा नहीं दिखाई। जिस प्रकार होली दीपावली जैसे पर्वों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं उसी प्रकार लोकतंत्र के इस महापर्व में भी प्रतिभाग करना चाहिए। कार्यक्रम में रेडक्रास सोसायटी कानपुर की वाइस चेयरमैन डॉ पूजा अवस्थी, कोषाध्यक्ष डॉ अंगद सिंह भी रहे।

# डाक मतपत्र डलवाने की व्यवस्था पूरी करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पोस्टल बैलेट का दायित्व जिन कार्मिकों को दिया गया है, उनको प्रशिक्षण दिया जाए। इसके साथ ही प्रारूप 12-डी के माध्यम से बैलेट पेपर से मतदान करने वालों को मतदान का समय और तिथि की सूचना समय से उपलब्ध कराई जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अधिकारियों की बैठक में यह आदेश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जरूरी सेवाओं व निर्वाचन ड्यूटी में लगे कर्मचारी 13 मई को मतदान दिवस पर अपने बूथ पर जाकर वोट नहीं दे सकेंगे। ऐसे में निर्वाचन आयोग ने उनके लिए पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) की सुविधा उपलब्ध कराई है। उन्होंने बताया कि जरूरी सेवाओं में 12 सेवाएं शामिल हैं। इनमें सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, डाक विभाग, यातायात विभाग, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो, दूरदर्शन, आल इंडिया रेडियो, बीएसएनएल, मतदान के दिन कवरेज के लिए अधिकृत मीडिया कर्मी शामिल हैं। इस श्रेणी के इच्छुक मतदाताओं को अपना आवेदन प्रारूप 12-डी विभाग के अधिकारी से प्रमाणित कराते हुए रिटर्निंग ऑफिसर को भेजना होगा। इन मतदाताओं की सूची तैयार होगी। इनके मतदान के लिए पॉलीटेक्निक में पोस्टल वोटिंग सेंटर (पीवीसी) स्थापित होगी। पीवीसी का स्थान, मतदान तिथि के बारे में नोडल अधिकारी व अन्य माध्यमों से सूचित किया जाएगा। मतदान की तिथि व समय का प्रकाशन डीईओ की वेबसाइट पर भी किया जाएगा। पीवीसी पर मतदान के लिए ग्रुप ए व बी के अधिकारी नियुक्त होंगे जो फार्म 13-ए को प्रमाणित करेंगे। डाक विभाग से प्राप्त पोस्टल बैलेट रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालय भेजे जाएंगे। मतदान के लिए निर्धारित समय सुबह आठ बजे के पूर्व तक पोस्टल बैलेट प्राप्त कराया जाएगा।

**कार्यक्रम से साधी राजनीति** | सपा ने अकबरपुर व मिश्रिख लोकसभा सीट के लिए संगठन में बांटी जिम्मेदारी

# निषाद राज जयंती के बहाने सपा ने जोड़ा वोट बैंक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सपा ग्रामीण कार्यालय में महाराज निषाद राज जयंती पर मौजूद कार्यकर्ता।



निषाद राज व ऋषि कश्यप की जयंती पर पुष्प अर्पित करते सपाई।

**अमृत विचार।** नवीन मार्केट स्थित समाजवादी पार्टी कानपुर ग्रामीण कार्यालय में महाराज निषादराज की जयंती पर ग्रामीण जिलाध्यक्ष मुनींद्र शुक्ला समेत पदाधिकारियों ने निषादराज के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया।

ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने कहा कि वनवास काल में श्रीराम की सेवा में निषादराज ने त्याग का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया था। बैठक में अकबरपुर व मिश्रिख लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने के लिए सभी फ्रंटल व विधानसभा अध्यक्षों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

कहा गया कि यह चुनाव लोकतंत्र और देश के संविधान को बचाने का है। महामंत्री जितेंद्र कटियार, परमेश्वर दयाल कनौजिया, शैलेंद्र यादव, राजकुमार चौहान, सुरेश गुप्ता, अनिल सोनकर, सोमेंद्र शर्मा, नसीम रजा, हरि कुशवाहा, सर्वेश यादव, विकास कनौजिया, अभय पुरी, अर्चना रावल, वीरपाल सिंह यादव, शिव सिंह पाल , सौरभ सिंह, केके कुशवाहा, सुनील मांझी, डॉ. शरद यादव, अरविंद निषाद व विजय निषाद मौजूद रहे।

### पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र बहादुर की मनाई पुण्यतिथि

**कानपुर।** सपा की नगर इकाई ने पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. जितेंद्र बहादुर सिंह की पुण्यतिथि पर नवीन मार्केट स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा के साथ निषाद राज गुह व ऋषि कश्यप जयंती पर समागम और गोष्ठी आयोजित की। .जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि जितेंद्र बहादुर को कार्यकर्ताओं से बहुत लगाव था। कार्यकर्ताओं के नाम और फोन नंबर उनकी जुबान पर रहते थे। जिलाध्यक्ष ने निषाद राज गुह व ऋषि कश्यप को याद करते हुए कहा कि निषाद राज गुह ने जो सेवा, संस्कार व सौहार्द की प्रेरणा दी है, वह युवा पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक और समाज को मजबूत करने वाली है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, प्रदेश सचिव केके शुक्ला, पूर्व विधायक रामकुमार, आनंद शुक्ला, नंदलाल जायसवाल, रमेश यादव, केके मिश्रा, रेखा यादव, संजय निषाद रहे।

# खेल-खेल में घर में लगा दी आग तीन साल के बच्चे की जलकर मौत

## अरौल क्षेत्र के मोहीपुरवा गांव में दर्दनाक हादसा, मचा कोहराम

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार।** अरौल थाना अन्तर्गत मोहीपुरवा गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसे में तीन वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। गांव के किनारे झोपड़ी बनाकर रह रहे बहादुर दिवाकर अपने तीन बच्चों व पत्नी के साथ गांव के बाहर झोपड़ी में रहते थे। शुक्रवार को किसी काम से ठठिया गए थे। घर में पत्नी व बच्चे मौजूद थे अचानक पत्नी के बाहर जाने के दौरान तीनों बच्चे छह वर्षीय बड़ी बेटी काजल, पांच वर्षीय बलवान व तीन वर्षीय हनुमान खेल रहे थे। तभी बड़ी बेटी के द्वारा माचिस से आग लगा कर तीली वहीं झोपड़ी के ऊपर रखे छप्पर मे फेंक दी और बलवान व खुद झोपड़ी बाहर निकल कर चली गई।

थोड़ी ही देर मे आग ने विकराल रूप ले लिया और झोपड़ी धू-धू कर जलने लगी। जिसमें तीन वर्षीय बच्चा हनुमान फंसा रहा और उसकी जलकर मौत हो गई। आग के लपटें देख ग्रामीण जब तक पहुंच कर आग को बुझाते तब तक छप्पर जलकर राख हो चुका था। आनन फानन में ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर थाना पुलिस फोर्स के साथ फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंच गई। बच्चे की मौत से मां का बुरा हाल देख वहां पर मौजूद सभी की आंखें नम हो गई।

सूचना पर उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा मौके पर पहुंची। पीड़ित बहादुर दिवाकर को आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन देते देते हुए राहत सामग्री भी परिवार को उपलब्ध करवाई। उप जिलाधिकारी ने बताया कि परिवार के सदस्य को प्रधानमंत्री आवास की योजना का लाभ मिला हुआ है वह पारिवारिक कारण से गांव से बाहर झोपड़ी में रहते थे उनके आर्थिक सहायता के लिए शासन से मदद मांगी गई है और जल्द ही उनको आवश्यक मदद उपलब्ध कराई जाएगी । मौके पर एडीसीपी वेस्ट विजेंद्र द्विवेदी भी पहुंच गए।


उप जिलाधिकारी रश्मि लांबा मौके पर पहुंचीं। अमृत विचार

### छप्पर में लगी आग महिला, मवेशी झुलसे

**बिठूर।** बिठूर थाना क्षेत्र के डंबरपुरवा गांव के एक छप्पर में खाना बनाते समय चूल्हे की चिंगारी से आग लग गयी। जिससे छप्पर के नीचे बंधे मवेशी झुलस गए, मवेशियों को खोलने गयी महिला रानी (40) पत्नी राकेश कमल भी गंभीर रूप से झुलस गयी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब तक छप्पर के नीचे रखा सारा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आग से झुलसी महिला को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

## चारा काटने की मशीन गिरने से बच्ची की जान गई

**बिधनू।** काकोरी गांव में शुक्रवार शाम दरवाजे खेल रही डेढ़ वर्षीय बच्ची के ऊपर पास में खड़ी चारा काटने की मशीन गिर गई। जिसके नीचे दबकर बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। स्वजन ने बच्ची को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

काकोरी गांव निवासी किसान सर्वेश कुमार की डेढ़ वर्षीय बेटी सौम्या उर्फ लक्ष्मी शुक्रवार शाम दरवाजे खेल रही थी। तभी शौम्या पास में गड़ी चारा काटने की मशीन के पांवों को पकड़कर खड़ी हो गई। पावें मिट्टी में ज्यादा गहराई तक न गड़े होने की वजह मशीन बच्चिनके ऊपर गिर गई। जिसके नीचे दबकर बच्ची दब गई। बच्ची के सिर, मुंह और पेट में गंभीर चोंट आ गई। स्वजन बच्ची को लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एकलौती बच्ची की मौत के बाद मां ज्योति गश खाकर गिर पड़ी। थाना प्रभारी प्रेम चंद्र कनौजिया ने बताया कि तहरीर के आधार कार्रवाई की जाएगी।

# अव्यवस्था की भेंट चढ़ रहा कुष्मांडा देवी का मेला

संवाददाता, घाटमपुर

- एसडीएम को ज्ञापन देकर कंक्रीट हटाने की मांग

**अमृत विचार।** घाटमपुर की सिद्ध पीठ मां कुष्मांडा देवी मंदिर में नवरात्र में लगने वाले मेले को लेकर नगर पालिका व मंदिर कमेटी सहित मां कुष्मांडा के भक्तों के बीच मेला लगाने को लेकर चल रहा मामला एसडीएम की चौखट पर पहुंच गया है। भाजपा के जिला मंत्री ने एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें लिखा कि नवरात्रि के पहले मेला मैदान से कंक्रीट हटाया जाए। नगर पालिका जबरदस्ती पर्यटन विभाग की व कुष्मांडा देवी की जमीन पर मार्केट बनाने का काम कर रही है।

बताते चलें कि घाटमपुर मे कुष्मांडा देवी मंदिर का सिद्ध पीठ स्थान है।जहां पर नवरात्रों में विशाल मेला यहां पर लगता है। और दूर-दूर से भक्त मां कुष्मांडा देवी के दर्शन करने को आते हैं। यह मेला आधा पखवाड़ा के लगभग चलता है। मेला कुष्मांडा देवी की जमीन व पर्यटन विभाग की जमीन पर लगता है। जिसमें नगर पालिका परिषद मेले व पर्यटन विभाग की जगह पर मार्केट बनाकर आमदनी करना चाह रही है। जिसको लेकर घाटमपुर के कुष्मांडा देवी मंदिर की कमेटी व भक्तों के द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। जिसका मामला डीएम राकेश कुमार सिंह तक पहुंचा था। डीएम राकेश कुमार सिंह ने मेले कैंपस में पहुंचकर स्वयं निरीक्षण किया था। और उन्होंने नगर पालिका को फटकार लगाते हुए कहा था।कि कुष्मांडा देवी की जमीन व पर्यटन विभाग की जमीन पड़ती है। जिसमें नगर पालिका मार्केट नहीं बनवा सकती और वहां से कंक्रीट व बिल्डिंग मटेरियल हटाने के निर्देश दिए थे। परंतु नगर पालिकार मार्केट बनवाने में अड़ी हुई है।

शुक्रवार दोपहर भाजपा के जिला मंत्री दलजीत सिंह ने एसडीएम को पत्र देकर नगर स्थित मां कुष्मांडा देवी मंदिर में नवरात्रि के पावन पर्व पर मेला मैदान साफ कराने और नगर पालिका द्वारा परिसर में दुकानों के निर्माण के लिए पड़े कंक्रीट को हटाने की मांग की है।

## रामलीला में शिव धनुष टूटते ही जय-जयकार

**बिल्हौर।** ककवन कस्बे के प्राचीन सिद्ध पीठ दुर्गा मंदिर प्रांगण में ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित की जा रही रामलीला के अंतिम दिवस सीता स्वयंवर, धनुष भंग सहित अन्य रामलीला का मंचन कलाकारों द्वारा किया गया। रामलीला में रावण बाणासुर संवाद, जनक-लक्ष्मण संवाद, जनक विलाप, जगत जननी माता जगदम्बा की वरमाला, सीता स्वयंवर के जीवन्त दृश्य की प्रस्तुतियां दी। इस प्रसंग में रावण भी होता है, लेकिन धनुष कोई हिला भी नहीं सकता। जबकि भगवान राम उसे तोड़कर सभी राजाओं में सिरमोर हो जाते हैं और सीता उस समय राम के गले में वरमाला पहना देती है। इस दृश्य को देखकर दर्शक प्रसन्न हो जाते हैं। धनुष यज्ञ के दौरान जैसे ही राम ने धनुष तोड़ा तो पूरा पांडाल तालियों से गूंज उठा। धनुष टूटने के पश्चात क्रोधित हुए परशुराम लक्ष्मण संवाद ने माहौल को एकदम गर्माहट में वेशभूषा भाषा शैली एवं प्रस्तुतिकरण शानदार रहा। वाणासुर के रूप में नवीन दीक्षित ,रावण के स्वरूप में नीरज सिंह गौर रहे।


विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने आचार्य कृष्ण मुरारी को अंग वस्त्र भेंट किए।

# कृष्ण-सुदामा की कथा सुनकर भक्त भाव विभोर

शिवराजपुर, संवाददाता

- गोपालपुर गांव में साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का आज होगा समापन

**अमृत विचार।** क्षेत्र के गोपालपुर गांव में साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के सप्तम दिवस में आचार्यजी ने भगवान श्री कृष्ण व उनके मित्र भक्त सुदामा की कथा सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कथा में बताया कि जब संदीपन ऋषि के गुरुकुल में सुदामा शिक्षा ग्रहण कर रहे थे।

गुरु जी ने एक दिन लड़कियां काटने के लिए जंगल में कृष्ण वा सुदामा को भेजा। इस समय गुरु माता ने उन्हें एक पोटली दी वह कहा कि रास्ते में जब भूख लगे तो इसे खा लेना लेकिन सुदामा सुदामा इतने ज्ञानी थे कि वह पोटली पकड़ते ही जान गए कि यह पोटली में बंधा हुआ अन्य जो भी खाएगा वह दरिद्र हो जाएगा। सुदामा ने यह जान लिया कि यह गरीब की पोटली है इसे लेकर एक चोर भागा था उसका पीछा किया गया तब उसने पोटली संदीपन के गुरुकुल में फेंक दी थी वह पोटली गुरु माता ने उठाकर अपने पास रख ली इसलिए सुदामा ने भूख लगने पर अपने मित्र कृष्ण को बताएं बिना पोटली में बंधे हुए चने खा लिए।

कृष्ण भी यह बात जान गए कि सुदामा ने अकेले क्यों खा लिया लेकिन उन्होंने कुछ कहा नहीं बाद में दोनों के बीच में ऐसा एक प्रसंग आया तब श्री कृष्ण ने सुदामा से पूछा कि तुमने पोटली में बंधे चने अकेले ही क्यों खा लिए। सुदामा ने बताया कि वह पोटली श्रापित थी इसलिए मैं अपने मित्र को दरिद्र कैसे देख सकता था इसलिए मैंने वह चने अकेले ही खा लिए थे। क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर कथा स्थल पर पहुंचे और आचार्य कृष्ण मुरारी महाराज को अंग वस्त्र भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम आयोजक बबलू कटियार जिला अध्यक्ष अपना दल एस और प्रधान संघ अध्यक्ष शिवम कटियार ने बताया कि शनिवार को भंडारे का आयोजन होगा।

# डीसीपी ने लंबित मामलों को जल्द निपटाने के दिए निर्देश

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** पिछले वर्ष की लंबित विवेचनाओं का निस्तारण जल्द से जल्द करें। छोटे-छोटे मामले समय पर ध्यान न दिए जाने से बड़ी घटनाओं का रूप ले लेते हैं। उक्त नसीहत शुक्रवार को थाने का वार्षिक निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस उपायुक्त विजय ढुल ने मातहातों को दी। इस दौरान उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में चौकसी बरते जाने, वाहन चेकिंग अभियान में तेजी लाए जाने, व संदिग्ध लोगों पर विशेष नजर रखे जाने के निर्देश दिए।

शुक्रवार अपराह्न वार्षिक निरीक्षण के लिए थाने पहुंचे डीसीपी विजय ढुल को सर्वप्रथम थाना प्रभारी व स्टॉफ के लोगों द्वारा सलामी दी गई। तत्पश्चात डीसीपी ने शस्त्रागार कक्ष को देखा और यहां रखे शस्त्रों का विधिवत निरीक्षण किया। महिला हेल्प लाइन डेस्क का मुआयना करने के साथ विभिन्न अभिलेखों को चेक किया।


चौबेपुर थाने का निरीक्षण करते डीसीपी विजय ढुल। अमृत विचार

- डीसीपी विजय ढुल ने किया थाने का वार्षिक निरीक्षण

थाना परिसर में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने की बात कह कुछ खामियों पर एसीपी अजय त्रिवेदी व थाना प्रभारी रवींद्र श्रीवास्तव को सुधार केनिर्देश दिए। उन्होंने लोकसभा चुनाव को देखते हुए शरारती तत्वों पर विशेष नजर रखे जाने और रात्रि गश्त में तेजी लाए जाने की बात दोहराई। लगभग एक घंटे तक थाने में निरीक्षण के लिए रुके डीसीपी विजय ढुल ने बताया कि कार्य संतोषजनक मिला। बीते वर्ष की लंबित विवेचनाओं का जल्द निस्तारण करने के विशेष निर्देश दिये हैं।

## धरातल पर नहीं मिला संचारी अभियान

**कानपुर।** जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत एक अप्रैल को हो गई है, लेकिन चार दिन बीतने के बाद भी अभियान धरातल पर उतर नहीं सका है। जानकारी होने पर अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ.संजू अग्रवाल ने अभियान के पांचवें दिन शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधनू और जामू गांव में संचारी रोग की हकीकत देखीं। उनको जामू गांव में हर जगह गंदगी देखने को मिली। ग्रामीणों ने उनसे कई क्षेत्रों में मच्छर होने की भी शिकायत की। बिधनू सीएचसी के पास में भी उनको कचरा फैला मिला। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में गंदगी मिली है, वहां के संबंधित प्रभारी से जवाब मांगा जाएगा। सफाई और मच्छरों का आंतक रोकने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। अगर इस कार्य में किसी भी कर्मचारी ने लापरवाही की तो उन पर कार्यवाही की जाएगी। मच्छरों से बचाव जरूरी है।

# मंगेतर को लखनऊ बुलाकर किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

बिल्हौर, संवाददाता

- ककवन थानाक्षेत्र की रहने वाली है पीड़िता

**अमृत विचार।** ककवन थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती ने मंगेतर पर लखनऊ बुलाकर दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच कर पीड़िता की तहरीर पर उत्पीड़न के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



पीड़ित युवती ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका विवाह अनिल कुमार राजपूत निवासी जिला कन्नौज के थाना ठठिया के ग्राम फुलवारी के साथ तय हुई थी। 22 अक्टूबर 2023 को पीड़ित के पारिवारिक जनों ने पांच लाख रुपये देकर रस्म सबंध तय किया था। इसके बाद युवती को आरोपी मंगेतर ने लखनऊ स्थित किराए के कमरे में बुलाकर कई बार दुष्कर्म किया और फोन से शादी से पहले दहेज में बढ़ोतरी की मांग करते हुए शादी करने से मना कर दिया। कई बार समझाने के बाद भी आरोपी अनिल कुमार ने युवती के साथ विवाह करने के लिए राजी नहीं हुआ। पीड़िता का आरोप है, उसने थाना ठठिया में मामले की शिकायती की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई तो उसने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। आरोपी के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न के साथ दुष्कर्म की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई। इस संबंध में थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट पंजीकृत कर ली गई है। जल्द आगे की कार्रवाई की जाएगी।


गलियों में भरे गंदे पानी से चारों ओर बदबू भी फैली है। अमृत विचार

## गंदे पानी से गुजर कर जाना पड़ रहा ग्रामीणों को

**बिठूर।** मंधना वीर्तियांन गांव में लोगो का जीना मुश्किल है। यहां मुख्य सड़क पर गंदगी के साथ-साथ पानी भी भरा हुआ है। लोगों को यहां से निकलने में बहुत परेशानी होती है। दूसरी तरफ फैक्ट्री से निकलने वाला वेस्ट मैटेरियल भी पूरी सड़क पर बिखरा पड़ा है जिसमे पानी और कचरा शामिल है। समस्या निकास की है कि पानी जाए कहां और लोग कूड़ा कहां फेंके। लोगों का कहना है की शिकायत करने के बाद भी कोई इंतजाम नहीं किया जा रहे। सफाई वाले आते हैं सिर्फ देखकर वापस हो जाते हैं। अगर इसी तरह से पानी और गंदगी जमा रही तो बड़ी बीमारियों के फैलने की संभावना है।

# स्कूल की बस पर टूट कर गिरा बिजली का तार, हादसा बचा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार।** घाटमपुर में कंटेनर की टक्कर लगने से बिजली का जर्जर तार टूटकर स्कूल बस के ऊपर जा गिरा। गनीमत यह रही कि उस दौरान बिजली नहीं थी। नही तो बड़ा हादसा हो सकता था। लोगों ने फोन कर सबस्टेशन में स्कूल बस पर तार टूटकर गिरने की सूचना दी। जिसके बाद लोगों ने बिजली के तार को खींचकर अलग किया, इसके बाद स्कूल बस को निकाला गया। स्कूल बस में लगभग 40 छात्र-छात्राएं रहीं।

शुक्रवार को दोपहर बीएलबीडी स्कूल की बस घाटमपुर नगर में छात्र और छात्राओं को घर छोड़ने जा रही थी। जैसे ही बस कानपुर-सागर हाइवे पर स्थित घाटमपुर नगर के भीतरगांव तिराहे पर पहुंची तभी आगे चल रहे कंटेनर में विद्युत तार फसने से सड़क के ऊपर से निकले एचटी लाइन का जर्जर तार टूटकर स्कूल बस के ऊपर गिर गया। तार टूटकर गिरते ही बस में हड़कंप मच गया। बस चालक ने छात्र और छात्राओं को बस में लगे लोहे के पोल और डंडे को छूने से मना किया। गनीमत रही कि स्कूल बस आने से लगभग दस मिनट पहले ही विद्युत आपूर्ति बंद हुई थी। अगर विद्युत आपूर्ति चल रही होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। आसपास मौजूद लोगो ने सब स्टेशन में सड़क पर तार टूटकर गिरने की सूचना दी।


लोगों ने तार हटाकर बस को निकलवाया। अमृत विचार

- घाटमपुर के भीतरगांव तिराहे के पास हुई घटना तार हटाकर बस रवाना

**माह-ए-रमजान** नमाज के दौरान किसी तरह की कोई समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहा

# अलविदा की नमाज पर मस्जिदों में उमड़ी रोजेदारों की भीड़

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** रमजान के पाक महीने में ईद उल फितर से पूर्व जमात उल विदा यानी जुमे की आखिरी नमाज कस्बे की विभिन्न मस्जिदों में परंपरागत ढंग से अता की गई। इस दौरान लोगों ने अल्लाह ताला से मुल्क में अमन चैन की दुआ मांगी। नमाज के दौरान किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो, इसलिए पुलिस प्रशासन मौके पर मौजूद रहा।

मालूम हो कि रमजान का महीना इबादत का महीना होता है। इस महीने अकीकतमंद अल्लाह से दुआएं और अपने गुनाहों माफी मांगते हैं। माना जाता है अल्लाह अपने बंदों की दुआओं को कबूल करता है और उनके लिए जन्नत के दरवाजे खोल देता है। यूं तो इस्लाम में शुक्रवार का दिन बहुत ही खास माना जाता है। लेकिन रमजान के महीने में पड़ने वाले जुमा का महत्व कई गुना बढ़ जाता है। इसमें भी ईद उल फितर से पहले पड़ने वाली जुमा की आखिरी नमाज का अपना विशेष महत्व होता है। अलविदा की नमाज पढ़ना हर मुसलमान के लिए आवश्यक होता है। शुक्रवार को कस्बा स्थित विभिन्न मस्जिदों में एक से दो बजे के मध्य नमाज अता की गई। नमाज पढ़ने के लिए स्थानीय लोगों के अलावा आसपास गांवों से बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मस्जिदों में पहुंचे। जामा मस्जिद में मौलाना अनवार आलम, गौसिया मस्जिद सरायं में सफी उर रहमान , मस्जिद कुरैशियाँन में मौलाना कारी रईस साहब ने नमाज अता कराई।


सुरक्षा के लिए अफसर सड़क पर रहे। अमृत विचार


नमाज अता कर मांगी दुआ। अमृत विचार

### नमाजियों को कोई परेशानी नहीं हुई

सरसौल और अन्य मिश्रित आबादी वाले इलाको में अलविदा की नमाज कड़ी सुरक्षा के बीच हुई। सबसे अधिक संवेदनशील माने जाने वाले सरसौल कस्बे में मस्जिदों और प्रमुख बाजार के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। एसओ महाराजपुर सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि नमाज एकदम शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई। किसी प्रकार की कोई परेशानी किसी नमाजी को न हो इसके व्यापक इंतजाम प्रशासन द्वारा किए गए थे

## मुल्क के अमन, चैन की दुआ मांगी

**शिवराजपुर।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत व कस्बा सहित मस्जिदों में रमज़ान माह के अंतिम जुमा(शुक्रवार) को अलविदा की नमाज अता की गई। इस्लाम धर्म में रमजान के महीने को बहुत ही पाक माना गया है। इस्लामिक मान्यताओं के मुताबिक रमजान में रोजा रखने से रोजेदार पर अल्लाह मेहरबान होते हैं और उसकी हर मुराद पूरी करते हैं। रमजान माह के अंतिम जुमे को अलविदा जुमा कहा जाता है। कस्बे की जामा मस्जिद से लेकर आसपास की मस्जिदों में नमाज अता करने के लिए लोग पहुंचे। नमाज अता कर सौहार्द और मुल्क के अमन चैन की दुआएं की। जामा मस्जिद पेश इमाम अकबर हाफ़िज़ जी ने नमाज अता कराई इस मौके पर तौसीफ,निसार,जमीर,नौशाद, नसीम, रियाज आदि रहे। वहीं घाटमपुर में मस्जिदों में रमज़ान माह के अंतिम जुमा को अलविदा की नमाज अता की गई है। इस दौरान एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा व एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने कस्बे वह क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों के पास मौजूद रहे।

आवश्यकता है
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को
रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की
न्यूनतम योग्यताः- स्नातक
मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
बायोडाटा भेजें:-
hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# आज और कल दुनिया देखेगी भारतीय वायुसेना की 'ताकत'

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर गगन शक्ति अभ्यास के तहत लड़ाकू विमानों के हवाई पट्टी पर टच डाउन के लिए शुक्रवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। शनिवार व रविवार को फाइटर जेट जगुआर, मिग, मिराज व सुखोई गर्जना के साथ टच डाउन कर आसमान में उड़ जाएंगे। इसके लिए यहां की एयर स्ट्रिप पर देरशाम तक पानी की बौछार कर उसकी अच्छी तरह से धुलाई की गई। हवाई पट्टी पर सफेद रंग की लाइन पेंट कर रनवे भी बनाया जा चुका है।

**01** कंपनी पीएसी की तैनाती की गई।

**06** एनटीआई गन धारक भी एक्सप्रेस-वे पर बनी हवाई पट्टी पर तैनात किए जाएंगे

- शनिवार व रविवार को एक्सप्रेस-वे पर गगन शक्ति फाइटर जेट अभ्यास की सुरक्षा के लिए शासन से पैरा मिलिट्री फोर्स की भी मांग की गई है।



### मेहमानों के लिए पंडाल लगाया गया

- शुक्रवार को एक्सप्रेस-वे स्थित कार्यक्रम स्थल पर बाबा की कुटिया के सामने विशिष्ट व अति विशिष्ट मेहमानों के लिए पंडाल लगाया गया। इसके अलावा एयर स्ट्रिप के लखनऊ छोर पर एयर फोर्स व आर्मी के तकनीकी अधिकारियों द्वारा एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम व रेडियो सिग्नल सिस्टम भी स्थापित किया गया। वहीं, हवाई पट्टी की सुरक्षा को देखते हुए शुक्रवार को एयर स्पेस सेफ्टी टीम के करीब दो दर्जन जवान भी पहुंचे।




### बाबा की कुटिया को एयरफोर्स व आर्मी जवानों ने बनाया आशियाना

**बांगरमऊ।** शुक्रवार को आधा सैकड़ा एयरफोर्स व आर्मी के जवान विभागीय वाहनों से एक्सप्रेस-वे स्थित हवाईपट्टी पहुंचे। हवाई पट्टी के दोनों तरफ छाया की व्यवस्था न होने से जवानों के लिए बाबा की कुटिया ही आशियाना बनी हुई है।



### एक एएसपी, तीन डीएसपी 11 एसओ समेत सैकड़ों इंस्पेक्टर व दरोगा रहेंगे मुस्तैद

**बांगरमऊ।** एक्सप्रेस-वे पर शनिवार व रविवार को गगन शक्ति फाइटर जेट अभ्यास की सुरक्षा को भारी पुलिस बल लगाया गया है। सीओ अरविंद कुमार ने बताया कि हवाई पट्टी पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए 11 एसओ, 60 इंस्पेक्टर, 50 दरोगा, 3 महिला दरोगा, 350 पुरुष आरक्षी व मुख्य आरक्षी, 50 महिला आरक्षी, 12 ट्रैफिक सिपाही सहित तीन डीएसपी, एक एएसपी, एक कंपनी पीएसी व आधा दर्जन एनटीआई गन धारक तैनात होंगे।

### एसपी सिद्धार्थ शंकर बनाए गए नोडल अधिकारी

**बांगरमऊ।** एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के निर्देश पर कार्यक्रम के नोडल अधिकारी बनाए गए सीओ बांगरमऊ अरविंद कुमार ने एयर स्ट्रिप की चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था व दर्शकों की भीड़ नियंत्रित करने को फोर्स के साथ पीएससी के जवानों की भी ड्यूटी लगाई है। हवाई पट्टी के दोनों ओर स्थित सर्विस लेन पर ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु रखने के लिए जिला प्रशासन ट्रैफिक पुलिस के जवानों को भी तैनात किया गया है।

# अलविदा की नमाज में अमन-चैन की दुआ को उठे हाथ

## शहर व गामीण क्षेत्र में अकीदत के साथ अता हुई अलविदा की नमाज, लोगों ने नमाज के बाद एक-दूसरे के गले मिलकर दी बधाई

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** मुस्लिम भाइयों ने रमजान के आखरी जुमा पर विभिन्न मस्जिदों में पहुंचकर जमात-उल-विदा (अलविदा) की नमाज अता की। इस दौरान नमाजियों ने अल्लाह से अमन-चैन की दुआ की।

अलविदा की नमाज के मद्देनजर विभिन्न सरकारी कार्यालयों में अवकाश घोषित था। वहीं अधिकांश मुस्लिम भाइयों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। तय समय पर रोजेदारों सहित अन्य मुस्लिम भाई नजदीकी मस्जिदों में पहुंचने लगे। मस्जिद कमेटियों की ओर से सभी अधिक से अधिक नमाजियों को परिसर के अंदर ही नमाज अता कराने के इंतजाम कर रखे थे, जिससे सड़कों के बजाए सभी ने मस्जिद परिसरों में नमाज अता की। मौलानाओं ने नमाज से पहले मुस्लिम भाइयों को नमाज अता करने सहित जकात व फितरा जरूर से अता करने की सलाह दी। कहा कि बुजुर्गों के फिक्रमंद होना चाहिए। साथ ही ईद की नमाज अता करने के लिए तय समय पर ईदगाह सहित किसी भी मस्जिद में पहुंचने को कहा।

**सफीपुर संवाददाता के अनुसार,** रमजान के अंतिम शुक्रवार को नगर व क्षेत्र की तमाम मस्जिदों में अलविदा की नमाज अता की गई। नगर की हजरत मखदूम शाह सफी, हजरत कुदरत उल्ला शाह, हजरत अली, मदीना, हाता बाजार, बस स्टाप, पीखी, दरौली, उनवा व अंजुमन इमामिया आदि मस्जिदों में मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली की दुआओं के साथ अलविदा की नमाज अता हुई। कड़ी धूप को देखते हुए मस्जिद कमेटियों ने नमाजियों की सुविधा के लिए खुले स्थानों पर पंडाल व शामियाने लगवाए। मस्जिदों के आसपास ही नहीं अन्य प्रमुख स्थानों पर भी सुरक्षाकर्मी मुस्तैद दिखाई दिए। नगर पंचायत ने अलविदा की नमाज को लेकर मस्जिदों के आसपास अभियान के तहत खास तौर से साफ-सफाई कराई। नमाज से पहले अपने खुतबे में मौलाना इफ़्तेख़ार हुसैन रिजवी ने बताया कि माहे रमजान के तीन अशरे होते हैं। आखरी अशरा बेहद खास होता है, क्योंकि इस दौरान अल्लाह की इबादत करते हुए बताए गए तमाम फर्ज अदा करने वालों को जहन्नम यानी नर्क की आग से निजात मिलती है। उन्होंने फिलिस्तीनियों के ऊपर हो रहे अत्याचार खासकर महिलाओं सहित मासूम बच्चों की मौतों पर खाड़ी देशों की ओर से आवाज न उठाए जाने पर सवाल खड़े किए। कहा कि सभी को शिक्षित होना चाहिए। साथ ही हजरत अली के बताए रास्ते पर चलकर सभी से सरलता से पेश आना चाहिए। एसडीएम नवीन चंद्र, सीओ ऋषिकांत शुक्ला व प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने विभिन्न मस्जिदों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए नमाजियों से मुलाकात की।

**बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार,** जमात-उल-विदा पर नगर सहित क्षेत्र की तमाम मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भर रहीं। नौजवान और बच्चों के चेहरों पर भाईचारे के त्योहार ईद की आमद की खुशी दिखी। वहीं वहीं बुजुर्गों के चेहरों पर रमजान माह की जुदाई का मलाल झलकता रहा। मोहल्ला हबीब नगर स्थित मस्जिद के मौलाना फैसल बिलाल जामई ने कहाकि रमज़ान अच्छी बातों की ट्रेनिंग का माह है। यह बुराइयों से रोक भलाई का रास्ता दिखाता है। रमजान इंसानियत और भाईचारे की सीख देता है। बताया कि अल्लाह इबादत में कोताही होने के लिए तौबा करने वाले को माफी देता है। इसी तरह कस्बा गंजमुरादाबाद सहित फतेहपुर खालसा, फतेहपुर हमजा, नेवल, रघुरामपुर, मदार नगर, दरियापुर, मऊ, सुरसेनी, आसत, भठियापुर व अतरधनी आदि गांवो में भी अलविदा की नमाज अता की गई। एसडीएम, सीओ, कोतवाली निरीक्षक आदि ने नमाज के दौरान विभिन्न मस्जिदों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।


मस्जिद में नमाज अता करते रोजेदार। अमृत विचार


मस्जिद में अलविदा की नमाज अता करते लोग। अमृत विचार



मस्जिद के बाहर मौजूद सीओ सिटी सोनम सिंह व सीओ दीपक सिंह। अमृत विचार

### अलविदा की नमाज पर रही चौकसी

अमृत विचार उन्नाव। अलविदा की नमाज असमाजिक तत्व किसी प्रकार का खलल न डाले इसके लिए अफसर सुबह से मुस्तैद रहे। डीएम गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना द्वारा इसके लिए प्रशासन और पुलिस के अफसरों अपने क्षेत्रों में नमाज अदा करने वाले स्थलों का निरीक्षण किया। शहर के जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में पुलिस बल तैनात किया गया। एडीएम वित्त राजस्व नरेंद्र सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट रविराज व सीओ सिटी सोनम सिंह व सीओ दीपक सिंह ने फोर्स के साथ रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था देखी। इसके साथ शोसल मीडिया प्लेटफार्मो पर भी निगरानी रखने के साथ खुफिया पुलिस के अलावा सादे कपड़ों में भी पुलिस ने निगरानी रखी गई। इसके अलावा सभी सर्किल में सीओ, एसडीएम के साथ थानेदार भी फोर्स के गश्त पर रहे। सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया अलविदा की नमाज और लोकसभा चुनाव के किए लागू आदर्श आचार संहिता के दृष्टगत मार्च किया गया। अलविदा की नमाज शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई।



नमाज के दौरान मौजूद एडीएम व एएसपी। अमृत विचार

# अलविदा की नमाज में गुनाहों की माफी मांगी

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शुक्रवार को अलविदा की नमाज अता करने के लिए नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में लोग पहुंचे। राजधानी मार्ग स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार को अलविदा की नमाज के लिये लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। जो अमन के साथ नमाज अता की और गुनाहों की माफी मांगी।

शुक्रवार दोपहर 12 बजे राजधानी मार्ग स्थित जामा मस्जिद में लोग एकत्र हो गये और सवा एक बजे तक नमाज को अमन और शांति के साथ नमाज अता की। वहीं लोग ईद की तैयारियों में जुटे हुये हैं। जिसको देखते हुये बाजारों में रौनक रही। वहीं गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने के लिये भारी फोर्स के साथ मौजूद रहे। नमाज अता करने के बाद लोग अपने घर चले गये और ईद की तैयारियां करने में जुट गये। इसके अलावा नगर की अन्य मस्जिदों में भी नमाज के दौरान पुलिस फार्स मौजूद रहा। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की भी मस्जिदों में नमाज अता कराई गई।

### इन सभी मस्जिदों में हुई नमाज

रहमत नगर एक मीनारी मस्जिद, जामा मस्जिद सब्जी मंडी, सुन्नी मरकाजी बड़ी मस्जिद अहमद नगर, बड़ी मस्जिद गोताखोर, नूरी बकाई मस्जिद गोताखोर, शाही मस्जिद हुसैन नगर, गौसिया मस्जिद गंगा नगर, नूरी मस्जिद पानी की टंकी गंगा नगर, रजा मस्जिद अहमद नगर, हसन मस्जिद छह खंभा कंचन नगर, मस्जिद मोहम्मदी इस्लाम नगर, मदीना मस्जिद टाट वाली अहमद नगर, मस्जिद गुलशने तेवा गंगा नगर, गौसिया मस्जिद मनोहर नगर, मदनी मस्जिद हुसैन नगर, बिलाल मस्जिद आलम नगर, वारसी मस्जिद आलम नगर, गरीब नवाज मस्जिद में भी नमाज अता की गई।

# पलटने के बाद लोडर बन गया आग का गोला

- लोडर में में लदी नमकीन जलकर हुई खाक
- आसपास खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलने से बच गई

संवाददाता परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** सफीपुर कोतवाली के परियर में कानपुर नमकीन लादकर हरदोई जा रहा लोडर अचानक अनियंत्रित होकर खंती में पलट गया। इसके बाद लोडर में आग लग गई। चालक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। जानकारी पर पहुंची परियर पुलिस की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस की सक्रियता से आस पास खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलने से बच गई।

बता दें कि गुरुवार रात लोडर चालक रामजीत पुत्र तेजसिंह पाल निवासी चंदुआपुर सदर कोतवाली कन्नौज कानपुर से हरदोई जा रहा था। परियर तिराहे के पास करीब डेढ़ बजे अचानक लोडर अनियंत्रित होकर खंती में पलट गया और धू-धूकर जलने लगा। लपटे देख सूचना पर परियर पुलिस चौकी प्रभारी राकेश तिवारी फोर्स के साथ पहुंचे और विद्युत आपूर्ति बंद कराने के साथ अग्निशमन विभाग को सूचना दी। इसी बीच एसएचओ श्याम नारायण सिंह व पीआरवी भी पहुंची। सभी ने बालू डालकर आग बुझाने का पूरा प्रयास किया। कुछ ही देर में दमकल की गाड़ी पहुंची और करीब एक घंटे में आग पर काबू पाया। पुलिस की सक्रियता से खेतो में तैयार खड़ी गेंहू की फसल बच पाई। रात होने के कारण आग भड़क कर खेतों तक पहुंच सकती थी। वहीं लोडर चालक की माने तो हादसे में लाखों रुपए की नमकीन जल कर खाक हो गई।


खंती में पलटा पड़ा जला हुआ लोडर। अमृत विचार

# उछल कर गिरी युवती की डंपर के पहियों के नीचे आकर मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- बिहार क्षेत्र के बैजुआमऊ के पास ओवरटेक करते समय हुआ हादसा
- बांगरमऊ व अजगैन कोतवाली क्षेत्र में हुए हादसों में 14 घायल


प्रियंका।

**अमृत विचार।** परिचित के साथ मौसी के घर से बाइक में बैठी युवती टक्कर के बाद उछल कर डंपर के पहिए के नीचे आ गई। हादसे में उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी के लिए भेजा। वहीं हादसे की की खबर मिलते परिजनों में कोहराम मचा है। अजगैन कोतवाली अंतर्गत हाईवे पर ई-रिक्शा पलटने से चालक समेत 6 सवारी घायल हो गई। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत हुए सड़क हादसों में बच्चे समेत आठ लोग चुटहिल हुए। इनकों इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बीघापुर कोतवाली के ओसियां गांव निवासी प्रियंका उर्फ सोनी (25) पुत्री रामस्वरूप एमए की छात्रा थी। बीते दिवस वह अपनी मौसी के घर गई थी। जहां से शुक्रवार को शाम किसी परिचित प्रवीण के साथ पाटन से पुरवा की ओर जा रही थी। बिहार थानाक्षेत्र के बैजुआमऊ चौराहे के पास ओवरटेक करते समय डंपर की टक्कर से बाइक अनियंत्रित होने से पीछे बैठी युवती उछल कर डंपर के पहिए के नीचे आ गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को रोड से हटवा कर परिजनों को सूचना देने के साथ मोर्चरी के लिए भेजा। दिवंगत युवती भाई का नाम राजेश छोटे सर्वेश है। एक भाई विदेश में तथा दूसरा अहमदाबाद में नौकरी करते हैं। खबर पाकर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं हादसे में बाइक चालक प्रवीण को भी मामूली चोट आई है।

बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित काजीपुर गांव के पास तेज रफ्तार ई रिक्शा अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर पलट गया। इसमें गोशाकुतुब निवासी रमजान, शीतल गंज निवासी सरफुद्दीन तथा आशायस गांव निवासी शकीला व रसूलन गंभीर घायल हो गईं। संडीला मार्ग पर गोशाकुतुब पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर बाइक सवार अक्षय पुत्र पिंटू और उसका भाई अमन कश्यप निवासी ग्राम बेंहदर तथा छंगा पुत्र पंचम निवासी ग्राम विदौरा थाना कासिमपुर हरदोई घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के गांव आसत मोहिउद्दीनपुर निवासी बहादुर का पुत्र कौशल (6) शुक्रवार अपने दरवाजे पर खेल रहा था। तभी तेज रफ़्तार बाइक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया। सभी घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां गंभीर हालत के चलते रमजान, सरफुद्दीन, शकीला व रसूलन को जिला अस्पताल रेफर भेजा गया।

नवाबगंज। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के आशाखेड़ा गांव निवासी शाहिल राजपूत कानपुर-लखनऊ हाईवे पर ई रिक्शा चलता है। शुक्रवार दोपहर सवारियां लेकर नवाबगंज जा रहा था। इस दौरान हाईवे स्थित टोल प्लाजा के पास ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें चालक समेत काजल (18) पुत्री नहक्के निवासी कपूरखेड़ा सोहरामऊ, महाबीर(60) पुत्र भगत निवासी आशाखेड़ा, सूरज पुत्र राकेश (19), सोनी (15) पुत्री राकेश निवासी बाबाखेड़ा, राजू (26) पुत्र किशन निवासी कुशहरी घायल हो गये। चालक समेत काजल व महाबीर को नवाबगंज सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### युवक की मौत से परिजनों में मचा कोहराम

हसनगंज। कोतवाली क्षेत्र के कस्बा न्योतनी के बाल्मीकि मोहल्ला निवासी धर्मवीर (23) पुत्र नन्हक्के किसी काम से लखनऊ गया था। जहां से शुक्रवार शाम को लौटते समय घुरूघरी तालाब थाना काकोरी लखनऊ के पास सामने से आए डंपर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची घुरूघूरी तालाब चौकी पुलिस उसे घायलावस्था में अस्पताल ले जाती इससे पहले ही उसकी मौत हो गई। लखनऊ पुलिस से मिली खबर के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। दिवंगत का पिता चार दिन पहले ही लुधियाना काम करने के लिए गया है। बड़ा भाई धर्मराज, बहन पप्पी, शुभासिनी व अन्य परिजनों का रो-रोकर बेहाल हैं।

स्वास्थ्य का हाल — क्षेत्र के लगभग सभी गावों में बच्चों में गलसुआ तेजी से फैल रहा, सर्दी, जुकाम, बुखार के मरीजों की भी लगी कतार

# मौसम बदलने से गले का संक्रमण बढ़ा, अस्पताल में मरीजों की भीड़

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** बदलते मौसम के कारण सर्दी, जुकाम, बुखार की चपेट में आ रहे हैं। इतना ही नहीं छींकने से पास में खड़े लोगों के गले में इंफेक्शन तेजी से फैल रहा है। जिस कारण लोगों को गलसुआ की दिक्कतें भी हो रही हैं। शुक्रवार को पीएचसी में ओपीडी के दौरान कई बच्चे गले के संक्रमण की दवा लेने पहुंचे। इसके अलावा अन्य बीमारियों के मरीजों की भी संख्या अधिक रही। जिससे पीएचसी में सुबह से दोपहर तक लाइनें लगी रही।

शुक्रवार को न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सुबह करीब दस बजे ओपीडी शुरू हुआ। जहां अधिकांश मरीज, खांसी, जुकाम, बुखार के पहुंचे। इस दौरान ओपीडी कर रही डॉ. रश्मि वर्मा ने सभी का परीक्षण करते हुये उन्हें दवाइयां दी। वहीं ओपीडी के दौरान कतारों में खड़े कई पांच साल के बच्चों से लेकर सोलह सत्रह साल के बच्चों में गलसुआ संक्रमण भी देखने को मिला। जहां मौजूद डॉक्टर ने बताया कि गलसुआ को मम्प्स कहते हैं, एक विषाणुजनित रोग है। यह पैरोटिड ग्रंथि में संक्रमण की वजह से होता है। संक्रमण की वजह से इस ग्रंथि में सूजन आ जाती है। पैरोटिड ग्रंथि कान के नीचे तक होती है और मुंह में लार और थूक बनाती है। गालों और गर्दन में असहनीय दर्द भी होता है। जिससे बच्चों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है।

डॉक्टर ने बताया कि इन दिनों प्रतिदिन दो सौ से अधिक मरीज ओपीडी के लिये पहुंच रहे हैं। जिसमें चालीस से पचास मरीज गलसुआ के आ रहे हैं।



पीएचसी में ओपीडी करती डॉ. रश्मि वर्मा। अमृत विचार


ओपीडी के दौरान लगी मरीजों की लाइन। अमृत विचार

### लक्षण भी जानें

गले में संक्रमण होने से पहले बुखार, सिर दर्द, भूख न लगना, गालों में सूजन, गर्दन में जकड़न आदि होना गलसुआ के लक्षण होते हैं। ऐसा होने पर अस्पताल के डॉक्टरों से सलाह लें।

### ऐसे करें बचाव

खाने में तरल पदार्थ, मुंह की साफ सफाई, अधिक से अधिक पानी पीयें, गालों की सिंकाई करे, इसके अलावा लक्षण दिखने पर पैरासीटामॉल का सेवन करे।

# सोमवती अमावस्या 8 को सूर्य ग्रहण का असर नहीं

- सोमवार को पड़ने वाला सूर्य ग्रहण विदेशों में ही दिखाई देगा

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या पर सोमवार को पड़ने वाला सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा और न ही भारत में इसका कोई असर रहेगा। यह जानकारी प्रसिद्ध ज्योतिषचार्य पंडित आचार्य ऋषिकांत मिश्र शास्त्री ने दी।

आचार्य ऋषिकांत मिश्र शास्त्री ने बताया कि सोमवार यानी 8 अप्रैल रात 9:12 बजे से रात 2 बजकर 22 मिनट के बीच पड़ने वाला सूर्य ग्रहण विदेशों में ही दिखाई देगा और वहीं इसका प्रभाव भी रहेगा। बताया कि जहां ग्रहण होता है वहीं उसका असर पड़ता है। भारत में इसका कोई असर नहीं होगा। उन्होंने जानकारी दी कि दैनिक कार्यक्रम बिना किसी शंका के अपने पूजन-पाठ मंदिर दर्शन व गर्भवती महिलाओं को भी मनाने की जरूरत नहीं है। वहीं उसी दिन सोमवती अमावस्या का पर्व भी मनाया जायेगा। सोमवती अमावस्या को पीपल के वृक्ष में सौभाग्य प्राप्ति के लिए पीपल प्रदक्षिणा कर यथा शक्ति सौभाग्य सूचक सामग्री का दान कर सुख-समृद्धि व संतान के उज्जवल भविष्य और आरोग्यता प्राप्त कर पति की दीर्घायु की कामना के लिए किया जाता है।

# छात्रा, महिला व दो युवकों ने फांसी लगा कर दी जान

## बारासगवर में 11वीं की छात्रा का फंदे से लटकता हुआ मिला शव, बेहटा मुजावर में पत्नी के मायके जाने पर पति ने की खुदकशी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


अनूप यादव।


पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारासगवर थानाक्षेत्र के शीतल खेड़ा गांव में छात्रा अपने दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे से लटक गई। खाने के लिए बुलाने गई मां उसका शव लटका देख बेहाल हो गई। वहीं बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र में पत्नी के मायके से न लौटने से नाराज पति ने फंदे से लटककर जान दे दी। वहीं औरास थानाक्षेत्र में तीन बहनों में इकलौते युवक ने भी फांसी लगा ली। उधर सोहरामऊ क्षेत्र में पति से विवाद के बाद पत्नी ने जहर खा लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची संबंधित थानों की पुलिस ने जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बारासगवर थानांतर्गत शीतल खेड़ा गांव निवासी प्रेमलाल की 17 वर्षीय बेटी लक्ष्मी क्षेत्र के स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज की छात्रा थी। उसने इसी वर्ष 11वीं की परीक्षा दी थी। गुरुवार शाम वह घर की ऊपरी मंजिल पर बने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर पंखे से लटक गई। बाहर से लौटी मां मीना उसे खाना खाने के लिए बुलाने पहुंची तो बेटी का शव लटका देख उसके होश उड़ गए। चीख सुन पड़ोसी व अन्य परिजन पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने जांच के बाद शव उतरवाकर मोर्चरी भेजा। शुक्रवार को उसका पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। छात्रा का पिता दिल्ली में मजदूरी करता है। बेटी की मौत खबर पाकर वह पीएम हाउस पहुंचा और उसका शव देख बिलख उठा। परिजन आत्महत्या की वजह नहीं बता सके। दिवंगत छात्रा आठ भाई-बहनों में छोटी थी। उसकी मौत से मां मीना, भाई प्रमोद, पवन, प्रताप, पंकज बहनें गुड़िया व गुड्डी समेत सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उसकी बड़ी बहन गुड्डन की एक साल पहले मौत हो चुकी है।

- **औरास थानाक्षेत्र में तीन बहनों में इकलौते युवक ने लगाई फांसी**

बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के शेरपुर कला गांव के मजरा नियाजअली खेड़ा निवासी सुभाष (30) गुरुवार रात घर में मां और बहन के साथ खाना खाकर कमरे में सोने चला गया। शुक्रवार सुबह छोटी बहन कलावती कमरे में गई तो उसका शव दुपट्टे के फंदे से लटक देखा उसने शोर मचाया। शव देख परिजन बेहाल हो गए। बहन कलावती ने बताया कि सुभाष की शादी तीन साल पहले आसीवन थानाक्षेत्र के रईयामऊ गांव निवासी रोशनी से हुई थी। चार महीने से रोशनी मायके में है। भाई उसे विदा कराने कई बार गया लेकिन वह नहीं आई। आठ दिन पहले भी वह ससुराल गया था लेकिन पत्नी मायके से दिल्ली निवासी अपने फूफा के यहां चली गई। इसके बाद से भाई अधिक परेशान रहने लगा था। उसने इसी वजह से भाई द्वारा आत्महत्या करने की आशंका जताई है। दिवंगत की मां भगवानदेई 12 साल से दृष्टि बाधित है। बड़ा भाई राजू परिवार के साथ चंडीगढ़ में मजदूरी करता है। एसओ फूल सिंह ने बताया कि मृतक के चचेरे भाई शिवलाल की तहरीर पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

उन्नाव। औरास थानाक्षेत्र के गांव बिसवल के मजरा डल्लू खेड़ा निवासी अनूप यादव (23) पुत्र छंगालाल का शव शुक्रवार शाम गांव के बाहर उसके ही शीशम (सिरसा) के पेड़ पर गमछे से लटका देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। जानकारी पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक तीन बहनों में इकलौता भाई था। वह मुबंई में रहकर वह मजदूरी करता था। होली पर वह घर आया था। शुक्रवार दोपहर वह साइकिल बनवाने की बात कह घर से निकला था। इकलौते बेटे की मौत पर पिता छंगालाल, मां आशा, बहन अनीता, गोल्डी व गीता आदि परिजन रो-रो बेहाल रहे। एसओ रेखा सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी किसी का कोई आरोप नहीं है। अगर शिकायत आती है तो रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

### पति से कहासुनी के बाद पत्नी ने खाया जहर, मौत

**सोहरामऊ उन्नाव।** शराब पीकर आने पर आए पति से झगड़ कर पत्नी ने घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। हालत बिगड़ने पर उसे केजीएमयू में भर्ती कराया गया। जहां शुक्रवार को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मचा है। सोहरामऊ थानाक्षेत्र के रायपुर गांव निवासी आशीष रावत ने आठ साल पहले गांव निवासी कविता (28) से प्रेम विवाह किया था। परिजनों की रजामंदी के विरुद्ध हुई शादी से दोनों परिवारों ने उनसे संबंध विच्छेद कर लिए थे। इस पर आशीष परिवार के साथ अलग रहकर मजदूरी करता था। उनके तीन बच्चों में वैष्णवी (8), जान्हवी (6) व सौम्य (5) हैं। ग्रामीणों के अनुसार गुरुवार शाम आशीष नशे में घर पहुंचा था। इसे लेकर उसकी पत्नी से कहासुनी हो गई। चर्चा है कि पति ने पत्नी से मारपीट भी की। इससे आहत कविता ने घर पर रखा कीटनाशक निगल लिया। पति उसे पहले निजी अस्पताल ले गया। हालत में सुधार न होने पर उसे केजीएमयू में भर्ती कराया। शुक्रवार को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। एसओ कमल दुबे ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है। यदि तहरीर मिली तो जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# अब पांच कस्तूरबा विद्यालयों में इंटर तक मिलेगी शिक्षा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अब कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों को उच्चीकृत कर आर्थिक रूप से पिछड़े परिवारों की बेटियों को 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। शुरु में जिले के अलग-अलग ब्लाकों के पांच विद्यालयों में इसी सत्र से आठवीं उत्तीर्ण छात्राओं से इसकी शुरुआत की जा रही है। वहीं भविष्य में पहले से संचालित चार अन्य विद्यालयों को उच्चीकृत किया जाएगा।

ब्लाक स्तरीय कस्तूरबा विद्यालयों में अब तक क्षेत्रीय बालिकाओं को कक्षा आठ तक आवासीय सहित भोजन आदि सुविधाएं देते हुए शिक्षित बनाया जा रहा था। आठवीं तक शिक्षित होने के बाद भी कई बालिकाओं को आसपास अगली कक्षाओं की शिक्षा देने वाले विद्यालय न होने से आगे की पढ़ाई नहीं होती थी। इसीलिए सरकार व शासन ने अब इन विद्यालयों को इंटर तक उच्चीकृत करा लिया है, जिससे बालिकाओं को समझदार होने की उम्र तक शिक्षित बनाया जा सके। जिले के बांगरमऊ,

- **बीते शिक्षा सत्र में आठवीं तक कराया जाता रहा है अध्यापन का कार्य**

फतेहपुर चौरासी, सिकंदरपुर सरोसी, मियागंज व पुरवा के कस्तूरबा विद्यालयों में यहां पढ़ने वाली बालिकाओं को कक्षा आठ के बजाए 12वीं तक शिक्षा दिलाई जाएगी। इन कस्तूरबा विद्यालयों में इसी शिक्षा सत्र से इसकी शुरुआत करा दी जाएगी, क्योंकि हास्टल सहित एकेडिमिक भवन भी बनकर तैयार है। निर्माण एजेंसी ने बन चुकी इमारत बेसिक शिक्षा विभाग को सौंप दी है। वहीं असोहा, औरास व हिलौली आदि चार ब्लाक क्षेत्रों के छात्रावास का निर्माण तो पूरा हो चुका है, लेकिन एकेडिमिक ब्लाक सहित जरूरी अन्य इमारतों का निर्माण कार्य कराया जाना है। अपेक्षित भवन तैयार होने के साथ ही जिले में इंटर तक शिक्षा मुहैया कराने वाले कस्तूरबा विद्यालयों की संख्या बढ़कर नौ हो जाएगी। बीएसए संगीता सिंह ने बताया कि अब अन्य केजीबी शायद अगले शिक्षा सत्र से ही शुरू हो सकेंगे।

# संवाद स्थापित कर भाजपाई एक बार फिर गिनाएंगे सरकार की योजनाएं

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** औपचारिकताओं में निपटता रहा भाजपा का स्थापना दिवस लोकसभा चुनाव की वजह से इस बार बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर मनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार व अभियान संयोजक बिपिन मिश्रा ने सभी मंडल अध्यक्षों को शनिवार को बूथ स्तरीय कार्यक्रम कराने को कहा है। जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकारों की उपलब्धियां गिनाकर कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी के झंडे भी लगवाए जाएंगे। साथ ही योजनाओं के लाभार्थी संपर्क के जरिए भाजपा नेता संबंधित परिवारों पर अपरोक्ष तौर से पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील भी करेंगे।

- **बूथ स्तर पर कार्यक्रम कर भाजपा आज मनाएगी स्थापना दिवस**

भाजपा नेतृत्व के निर्देश पर वैसे तो पिछले कई माह पहले से विभिन्न स्तर पर कार्यक्रम कर संसदीय सीट पर कब्जा बरकरार रखने की जद्दोजहद चल रही थी। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के साथ आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी भाजपा नेतृत्व मतदाताओं में पैठ गहरी बनाने में जुटा है।

बीते दिनों 'जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा' के जरिए मतदाताओं को रिझाने की कोशिशें की जा रही थीं। वहीं अधिसूचना से पहले विभिन्न सरकारी कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जोड़ने के प्रयास जारी रहे। अब अधिसूचना लागू होने के बाद भी जहां बूथवार होली मिलन समारोह के जरिए मतदाताओं से संवाद स्थापित करने का सिलसिला जारी रहा। वहीं शनिवार को फिर बूथ स्तर पर स्थापना दिवस मनाते हुए भाजपाई नेतृत्व के निर्देश पर कार्यकर्ताओं के घरों पर पार्टी का झंडा लगवाएंगे। आदर्श आचार संहिता के तहत आम आदमी के घरों पर लगने वाले झंडों के लिए प्रशासनिक अनुमति लेनी होती है। साथ ही लाभार्थी संपर्क के तहत भाजपाई संबंधित लोगों व परिवारों से संवाद स्थापित करेंगे। संवाद के दौरान आमतौर पर नेता व कार्यकर्ता लाभांवित करने के लिए सरकारों का एहसान जताएंगे।

# जमीन पर कब्जा न देने पर सात के खिलाफ रिपोर्ट

**शुक्लागंज।** कानपुर स्वरूप नगर निवासी एक सख्श ने गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में जमीन खरीदी। जहां उस जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। विरोध करने पर उसे धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कानपुर के स्वरूप नगर निवासी शरद गुप्ता ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने सिकंदर पुर सरोसी ब्लॉक अंतर्गत मिर्जापुर गांव में जमीन खरीदी थी। जिस पर गांव के कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। हटने के लिये कहा तो धमकी दी। पुलिस ने गांव के रमेश, जयनारायण, राम प्रसाद, पुत्तीलाल, लक्ष्मण, दिनेश व संदीप के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

# गुमटी का ताला तोड़ चोरों ने उड़ाया हजारों का माल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजधानी मार्ग स्थित एक पेट्रोल पंप के बाहर रखी गुमटी का गुरुवार देर रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ दिया। जहां से चोरों ने नकदी समेत हजारों का माल पार कर दिया। जानकारी होने पर उसे कोतवाली पुलिस को चोरी की सूचना दी है।

जगनी खेड़ा निवासी सूरज गुप्ता फोरलेन सब्जी मंडी स्थित मिश्रा फिलिंग पेट्रोल पंप के बाहर में गुमटी रखकर पान, मसाला, दूध ब्रेड बेचने का काम करता है। उसने बताया कि गुरुवार रात वह गुमटी में ताला बंद कर घर चला गया। शुक्रवार सुबह जब वापस लौटा तो गुमटी का ताला टूटा पड़ा था, अंदर


चोरों द्वारा तोड़ा गया कुंडा दिखाता दुकानदार।

रखा सामान बिखरा हुआ पड़ा था। पुलिस को उसने बताया कि चोरों ने ताला तोड़कर दुकान में रखा एक मोबाइल, पन्द्रह सौ नकद रुपयों के अलावा सिगरेट, पान मसाला समेत बीस से पच्चीस हजार रुपये का माल पार कर दिया। गंगाघाट पुलिस का कहना है कि चोरी होने की जानकारी मिली है, जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### संचारी रोग रोकथाम अभियान के तहत हुई साफ-सफाई

**शुक्लागंज उन्नाव।** शासन के निर्देश पर अप्रैल माह में गंगाघाट नगर पालिका की ओर से संचारी रोग रोकथाम अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये शुक्रवार को द्विवेदी नगर में पालिका की ओर से साफ सफाई कराकर छिड़काव कराया गया। पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर शुक्रवार को वार्ड पांच द्विवेदी नगर में सफाई कर्मियों ने नाला नाली की साफ सफाई करने के साथ ही एंटी लार्वा का छिड़काव करने के साथ ही मोहल्ले में रहने वाले लोगों को जागरूक भी किया। इस बावत ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इसी तरह पालिका के 28 वार्डों में अभियान के तहत साफ सफाई कराने के साथ ही लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा।

### केबिल टूटने, ट्रांसफार्मर में खराबी आने से गुल रही बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** शुक्रवार को फीडर एक की विद्युत आपूर्ति के दौरान केबिल शॉट सर्किट के साथ जल गई। जिससे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने शट डाउन लेकर मरम्मत किया। इसी तरह कंचन नगर छह खंभा के पास रखे ट्रांसफार्मर में खराबी आने से बिजली बंद रही। शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे गांधी नगर मोहल्ले में विद्युत आपूर्ति के दौरान एबीसी केबिल स्पार्किंग के साथ टूट गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत करने के लिये शट डाउन लिया और पूरा फीडर एक बंद करा दिया। मरम्मत कार्य होने के कारण सुबह से दोपहर एक बजे तक क्षेत्र की बिजली गुल रही। कंचन नगर 6 खम्भा के पास 100 केवीए ट्रांसफार्मर की एलटी टूटी गई।। जिससे फिर शटडाउन लेकर फीडर एक की आपूर्ति बंद कर मरम्मत कार्य किया गया। जिससे एक घंटे तक बिजली बंद रही। वहीं शक्ति नगर फीडर में एचटी लाइन टूटने के कारण सुबह आठ बजे से दस बजे तक फीडर बंद रहा। सुबह से दोपहर तक बिजली की आवाजाही से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

### 11 हजार किमी साइकिल यात्रा कर भारत पहुंचा युवक

**पुरवा उन्नाव।** जर्मनी का एक युवक साइकिल से भारत सहित कई देशों की यात्रा पर निकला है। आगरा से वाराणसी जाते समय वह पुरवा पहुंचा। जहां उसने बताया कि भारत के लोग काफी दयालु हैं। यहां का प्राकृतिक वातावरण बहुत सुंदर है। हमारी इच्छा भारत के प्रसिद्ध मंदिरों व एतिहासिक स्थलों का दर्शन करना है। जर्मनी के कैसल निवासी डेविड रूबेन सैटियांगो ने बताया कि वह ईरान, इराक, तुर्की, पाकिस्तान के बाद भारत में अब तक 11 हजार किलोमीटर की यात्रा साइकिल से कर चुका है। पाकिस्तान के बाघा बार्डर से भारत में प्रवेश कर वह दिल्ली, मथुरा व आगरा होते हुए वाराणसी जा रहा है। वहां से गोरखपुर होते हुए नेपाल जाएगा। बताया कि भारत में बहुत से पर्यटन स्थल अति प्राचीन हैं। यहां की जनता में धार्मिक भावनाएं हैं। मंदिरों में हजारों की भीड़ देखकर मन बहुत प्रसन्न होता है। एक प्रश्न पर उसने बताया कि भारत में कई प्रकार के व्यंजन हैं। जिसमें उसे रोटी, दाल मखानी, हरी सब्जी व समोसा सबसे पसंद आया। उसे चाइनीज भोजन व कोल्ड ड्रिंक पसंद नहीं है।


पुरवा पहुंचा विदेशी युवक। अमृत विचार

### आज कई मोहल्लों की बिजली आठ घंटे गुल रहेगी

**बांगरमऊ।** स्थानीय विद्युत उपकेंद्र में स्थापित 5 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्म की क्षमता बढ़ाने को लेकर शनिवार को 10 एमवीए के ट्रांसफार्मर की स्थापना व टेस्टिंग का कार्य होगा। जिस कारण से उपकेंद्र से जुड़े हुए लखनऊ रोड, स्टेशन रोड, इंडस्ट्रियल एरिया, नई पानी की टंकी व चौधराना की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 से शाम 7 बजे तक बंद रहेगी। यह जानकारी विद्युत उपकेंद्र के एक्सईएन राजनाथ यादव ने दी।

### मधुमक्खियों के हमले से किसान घायल

**औरास।** औरास थानाक्षेत्र के हयात नगर गांव निवासी सुरज पाल (65) शुक्रवार सुबह अपने खेत गया था। तभी वहां उस पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने आग जलाकर किसी तरह किसान को बचाया और सीएचसी औरास पहुंचाया। सीएचसी प्रभारी औरास अनूप तिवारी ने बताया कि हालत गंभीर होने से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# सफाईकर्मियों से मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


सफाई कर्मियों से मारपीट करते लोग।

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के अनवार नगर मोहल्ला में शुक्रवार को सफाई कर्मियों से कूड़ा डालने को लेकर एक परिवार का विवाद हो गया। इसमें सफाई कर्मियों से मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वीडियों की पुष्टि नहीं करता है। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी सफाई कर्मियों पर मारपीट का आरोप लगाया है। दोनों पक्षों का मेडिकल कराया गया है।

सदर कोतवाली अंतर्गत वार्ड नंबर-15 गिरिजाबाग स्थित अनवार नगर मोहल्ला में नगर पालिका के ठेके में नियुक्त सफाई कर्मी ईशु पुत्र राजू, उसका भाई सुमित निवासी रामनगर व दुबेरा पुत्र राजेश शुक्रवार को सफाई कार्य में लगे थे। बताते हैं कि कूड़ा गाड़ी खड़ी करने को लेकर उनकी रशीद से कहासुनी हो गई। बात बढ़ने पर हाथपाई शुरू हो गई। इसमें रशीद के बेटे दानिश व अकीब के अलावा घर की महिलाएं भी डंडे लेकर निकल आईं और ईशु को पीटने लगीं। बचाने में उसका भाई व सहकर्मी भी घायल हो गए। दोनों पक्षों ने सदर कोतवाली में तहरीर दी। इसके बाद उनका मेडिकल कराया गया।

# चोरी गए पंपिंग सेट व लोडर के साथ दो को दबोचा

**उन्नाव।** माखी थानाक्षेत्र के दिलवल गांव निवासी कृष्ण कुमार के खेत पर लगा पंपिंग सेट बीती एक मार्च की रात चोरी हो गया था। पीड़ित ने पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दी थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रुपऊ गांव निवासी शानू पुत्र बरकत अली व मनोज पुत्र श्रीराम को पकड़ा और उनकी निशानदेही पर पंपिंग सेट व एक लोडर जिस पर वे लोग पंपिंग सेट लादकर ले गए थे बरामद किया। इसके बाद दोनों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि दो चोरों के पास से चोरी गया सामान बरामद किया गया।


चोरी के आरोपी।

# शूटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड विजेता प्रियांश अवस्थी का किया सम्मान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** 29 से 31 मार्च को एचआरआईटी ग्रुप आफ इंस्टीटयूट गाजियाबाद में आयोजित 42वीं राष्ट्रीय सब जूनियर शूटिंग बाल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल पाने वाले प्रियांश को नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक व अध्यक्ष विमल द्विवेदी ने सम्मानित किया।

विमल द्विवेदी बताया कि प्रियांश अवस्थी पुत्र उमाशंकर मूलतः पुरवा विधानसभा के गांव गदोरवा के निवासी हैं। उनके पिता किसान हैं व इस समय शहर के मोहल्ला पीतांबर नगर में रहते हैं। बताया कि एचआरआईटी ग्रुप आफ इंस्टीटयूट गाजियाबाद में आयोजित 42वीं राष्ट्रीय सब जूनियर शूटिंग बाल प्रतियोगिता में प्रियांश ने गोल्ड मेडल जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया है। जिसके लिए नर सेवा नारायण सेवा के पदाधिकारियों ने उनके शहर स्थित आवास पहुंचकर उसे अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। उनके पिता जी को भी माला व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं दीं। जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, विकास सेंगर, सुरेश सेंगर, मनीष मिश्रा, अखिल मिश्रा, अभी तिवारी, शैलेंद्र त्रिवेदी, मनीष अवस्थी, अभिषेक तिवारी, शिवम, आकाश आदि मौजूद रहे।


प्रियांश को सम्मानित करते नर सेवा नारायण सेवा के पदाधिकारी। अमृत विचार

- **नर सेवा नारायण सेवा संस्था ने घर पहुंचकर किया सम्मान**

चुनाव की तैयारी — कक्ष में बैठकर अफसर सुविधाजनक ढंग से चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर सकेंगे

# डीइओ व डीडीइओ कक्ष कंप्यूटर से लैस

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अब डीइओ (जिला निर्वाचन अधिकारी) गौरांग राठी व (उप जिला निर्वाचन अधिकारी) नरेंद्र सिंह निर्वाचन कार्यालय स्थित कक्ष में बैठकर एक क्लिक से कंप्यूटर के जरिए न सिर्फ भारत निर्वाचन आयोग से जुड़ सकेंगे बल्कि, सभी एसडीएम व अन्य मातहतों के कामकाज की समीक्षा भी कर सकेंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी आशुतोष ने बताया कि इसलिए कंप्यूटर सेट स्थापित कराया गया है।

कुछ वर्षों पहले तक कलक्ट्रेट भवन के दो हाल में जिला निर्वाचन कार्यालय भी संचालित होता था, लेकिन अब यह कार्यालय अपने निजी भवन में स्थापित हो चुका है। हो रहे लोकसभा निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष व शांतिपूर्वक संपन कराने की गरज से डीइओ/डीएम व डीडीइओ एडीएम (वित्त एवं राजस्व) आएदिन जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचते रहते हैं। हालांकि जिला निर्वाचन कार्यालय में डीईओ वडीडीइओ का कक्ष पहले से तय था, लेकिन यहां कंप्यूटर न स्थापित होने से अधिकारियों को स्टाफ के जरिए जानकारियां हासिल करनी पड़ती थी। इसमें जहां समय जाया होता था।


जिला निर्वाचन अधिकारी के कक्ष में कंप्यूटर सेट स्थापित करते फर्म के कर्मचारी।

- **एक क्लिक से कंप्यूटर पर निर्वाचन आयोग से जुड़ सकेंगे**

वहीं कई बार अन्य समस्याएं भी आती थीं। बीती गुरुवार दोपहर बाद निर्वाचन संबंधी आपूर्तिकर्ता फर्म के स्टाफ ने कार्यालय कक्ष में कंप्यूटर सेट लगाया।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर कंप्यूटर की उपलब्धता कराई गई है। अब अधिकारी कक्ष में बैठकर अधिक सुविधाजनक ढंग से चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर सकेंगे।

# किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**शुक्लागंज उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर शुक्रवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस संदिग्धों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार किया।


अमन राजपूत।

कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि शुक्रवार को दरोगा राजीव कुमार हमराहियों के साथ चेकिंग कर रहे थे, तभी सूचना मिली कि पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म का आरोपी शंकरपुर सरायं निवासी अमन राजपूत ट्रांस गंगा सिटी के गेट नंबर दो के पास खड़ा है।

# ट्रांसफार्मरों का लोड चेक किया गया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शक्तिभवन के आलाधिकारियों के निर्देश पर बिजली विभाग की टीम इन दिनों नगर में लगे ट्रांसफार्मरों की जांच कर रही हैं। शुक्रवार को एसडीओ के निर्देश पर अवर अभियंताओं ने एक दर्जन स्थानों पर लगे ट्रांसफार्मरों का लोड चेक किया। इसके साथ ही जिन ट्रांसफार्मरों में खामियां मिली हैं। उन्हें भी चिन्हित किया है।

गर्मी में नगर की बिजली व्यवस्था को सुचारू रखने के लिये अनुरक्षण माह के तहत बिजली विभाग ने अप्रैल माह के पहले सप्ताह ट्रांसफार्मरों के रखरखाव व मरम्मतीकरण का कार्य शुरू किया है। उसी को देखते हुये शुक्रवार को एसडीओ राजेंद्र प्रसाद के निर्देश पर अवर अभियंता विष्णु शुक्ला, अक्षय तिवारी बिजली कर्मियों के साथ नगर के एक दर्जन स्थानों पर रखे ट्रांसफार्मरों की जांच करने पहुंचे। जेई ने बताया कि शक्ति नगर, बिंदा नगर, डाकतार कालोनी, पोनी रोड झंडा चौराहा, मनोहर नगर, गंगानगर, इंद्रा नगर, आलम नगर, गांधी नगर, अवस्थी फार्म, थाना चौराहा, पोनी रोड तिराहा पर लगे ट्रांसफार्मरों का लोड चेक किया गया है। इस दौरान कई ट्रांसफार्मरों में लक व जर्जर लीड मिली है। जल्द ही उनकी मरम्मत कराई जायेगी।


ट्रांसफार्मर का लोड चेक करते बिजली विभाग के कर्मचारी। अमृत विचार

- **ट्रांसफार्मरों की मरम्मत का काम तेज किया गया**

# मोदी के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले : पाठक

## भाजपा के सोशल मीडिया वालंटियर्स सम्मेलन में बोले उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी



उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक।

**अमृत विचार।** जीआईसी ऑडिटोरियम में शुक्रवार को भाजपा द्वारा सोशल मीडिया वालंटियर्स सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में गरीब और अमीर के बीच की खाई को कम किया है। मोदी के कार्यकाल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं जबकि कांग्रेसी सरकारों में हुए भ्रष्टाचार से दुनिया में भारत की छवि धूमिल हो गई थी। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद बीते 10 वर्षो में देश की साख नई ऊंचाइयों पर है। मोदी ने बेदाग व पारदर्शी सरकार चलाकर करोड़ों देशवासियों के सम्मान की रक्षा की है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में योगी सरकार ने गुंडे-माफियाओं की कमर तोड़ दी है जबकि इसके पहले सपा सरकार में गुंडे-माफिया खुलेआम असलहा लेकर आमजन की जमीनों पर कब्जा करते थे। यही गुंडे बहन बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करते थे। मगर योगी सरकार में गुंडों की जगह जेलों में है। कोरोना वैक्सीन को भाजपा की वैक्सीन बताने वाले सपा मुखिया अखिलेश यादव के लिए डिप्टी सीएम ने कहा कि चुपके से एक बड़े अस्पताल में उन्होंने वैक्सीन लगवा ली थी। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि ये पब्लिक है, सब जानती है।

उन्होंने भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत को गरीब की बेटी बताते हुए अधिक से अधिक वोटों से जिताने की अपील की। उन्होंने मोदी सरकार में लागू की गई तमाम गरीब कल्याण योजनाओं का जिक्र करते हुए तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि अब हर घर में टोंटी से पानी की व्यवस्था हो रही है। किडनी लीवर में दिक्कत आने पर जेवर, घर व खेत नहीं बेचने पड़ती क्योंकि नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान योजना के तहत हर गरीब को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की व्यवस्था कर दी है। अब जेनरेटर व इन्वर्टर नहीं चलाना पड़ता, क्योंकि बिजली जाती ही नहीं है। पहले केवल इटावा व मैनपुरी में बिजली देकर बाकी जिलों को ठेंगा दिखाया जाता था।

विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री व क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जुड़े वालंटियर्स की चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका है। राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि यह चुनाव भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की नींव को मजबूत करेगा। कार्यक्रम में एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह, भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, लोकसभा प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, दिनेश रावत, एमएलसी अंगद सिंह, बैजनाथ रावत,अमरीश रावत, रामकुमारी मौर्य, सुधीर कुमार सिंह,संतोष सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, शशांक कुसुमेश, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई और गुरु शरण लोधी समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नेहा आनंद भाजपा में शामिल

- जीआईसी ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सपा-बसपा और दूसरे दलों के कई नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा का दामन थामने वालों में दरियाबाद से बीएसपी के पूर्व प्रत्याशी राम नारायण रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए सपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ चुकीं डीडीसी नेहा आनंद, डीडीसी शशि सिंह राजपूत, डीडीसी देव नारायण रावत, शैलेंद्र वर्मा, राजेंद्र यादव, अशोक कुमार यादव समेत अन्य शामिल रहे।

# नैनी जेल में शूटरों के साथ अली ने बनाया था प्लान

**प्रयागराज।** उमेशपाल हत्याकांड के मामले में एक और खुलासा हुआ है। नैनी जेल में बंद माफिया अतीक अहमद के बेटे अली से हुई पूछताछ में कुछ अहम सुराग मिले है। जिन पहलुओं पर जांच की जा रही है।

सूत्रों की माने तो उमेश पाल हत्याकांड घटनाक्रम की पल पल की खबर अली को थी। नैनी जेल में गुलाम हसन सहित अन्य शूटर अली से पांच बार मिलने गए थे। इस पांच मुलाक़ात में दो बार प्लान फेल हो गया था। दो बार नाक़ामयाबी मिलने के बाद अली ने नाराजगी जताई थी और शूटरो को वार्निंग दी थी। कहा था कि इस बार काम तमाम होना चाहिए, नहीं तो अपनी शक्ल मत दिखाना। इस वारादात में शूटर गुलाम, गुड्डू मुस्लिम व अरमान के साथ सदाकत भी मौजूद था। सदाकत ने पूछताछ में जो राज उगले है। सदाकत ने पुलिस को बताया कि शूटर गुलाम, गुड्डू मुस्लिम व अरमान, असद की मौजूदगी में फेसटाइम से अतीक से मीटिंग हुई थी। फेस टाइम से एक मीटिंग मुस्लिम हॉस्टल के कमरा नंबर 36 में भी कराई गयी थी। उस मीटिंग में खुद सदाकत मौजूद था।

माना जा रहा है कि बयान दर्ज किए जाने के बाद उनके खिलाफ आरोपपत्र जल्द ही दाखिल किया जायेगा।

# अतुल प्रधान समेत 81 के नामांकन खारिज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए 94 प्रत्याशी मैदान में

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की आठ सीटों पर 94 प्रत्याशी मैदान में हैं। नामांकन पत्रों की जांच में मेरठ से सपा के अतुल प्रधान समेत 81 प्रत्याशियों की नामांकन खारिज हो गए हैं। इन सीटों पर 94 प्रत्याशी मैदान में बचे हैं। 8 अप्रैल को वापसी के बाद प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट होगी। इस चरण में मतदान 26 अप्रैल को होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मेरठ सीट पर 22 नामांकन हुए, जिसमें नो पर्चे वैध पाये गये। समाजवादी पार्टी के अतुल प्रधान समेत 13 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त हो गए हैं। भारतीय जनता दल पार्टी के राजेश गिरी, स्वतंत्र जनताराज पार्टी के धरमराज छावड़िया, पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी के मोहम्मद रिजवान, राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी सत्या के भूपेन्द्र सिंह, जय समता पार्टी के धर्मवीर, राष्ट्रीय जनसंचार दल के सोनू कुमार, राष्ट्रीय समाज दल (आर) के रामसरन सैनी और निर्दलीय अनिल कुमार, प्रमोद कुमार, राकेश उप्पल, मयंक कुमार, जयपाल सिंह उर्फ जेपी सिंह के नामांकन भी निरस्त हुए हैं।

अमरोहा सीट पर 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें 12 के नामांकन वैध पाये गये और नौ के नामांकन निरस्त हो गए हैं। भारतीय जवान किसान पार्टी से विजेन्द्र सिंह, भारतीय जनजन पार्टी से रमेश, राष्ट्रीय जनसंचार दल से वीर सिंह, जनहित पार्टी प्रगतिशील की अंजू और निर्दलीय अजय पाल सिंह उर्फ अजय सिंह, अमी चन्द, तसव्वुर अजान, राम अवतार, राजपाल सिंह सैनी के नामांकन निरस्त हुए हैं।

बागपत सीटपर 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किए, इनमें सात के पर्चे वैध पाये गये। नौ नामांकन निरस्त हुए। इसमें बहुजन मुक्ति पार्टी से सोहनवीर, समाजसेवा पार्टी से इस्तकार अली, ऑल इंडिया फारवर्ड ब्लाक से नरेन्द्र कुमार और निर्दलीय प्रत्याशियों में पूजा कुशवाह, नजीम प्रवीन, रामकुमार, फिरदौस, सुभाष, अंजू बंसल के नामांकन निरस्त हुए हैं।

गाजियाबाद सीट पर 35 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया। इसमें 14 के पर्चे वैध पाये गये और 21 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त हो गए हैं। इसमें भारतीय जनता दल से धर्मेन्द्र कुमार, मिहिर सेना से अनिल कुमार उर्फ अनिल सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा पार्टी से मोनिका गौतम, सनातन संस्कृति रक्षा दल से ललित मोहन त्यागी, पब्लिक पॉलिटिकल पार्टी से वीरेन्द्र कुमार, सम्राट मिहिरभोज समाज पार्टी से कुलभूषण त्यागी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से जगनेश कुमार, राष्ट्रीय समाज पक्ष से हरीश चन्द, नेशनल जनदल से मोहम्मद आलम, नागरिक चेतना पार्टी से त्रिवेदी शर्मा, भारतीय महासंघ पार्टी से अमित गुप्ता, भारतीय जवान किसान पार्टी से उदय सिंह और निर्दलीय प्रत्याशियों में अमन कुमार, राम प्रसाद पाण्डेय, कौशल सिंह, अखिलेश कुमार, सोनी, सुधीर कुमार, शमशेर अली, शमशेर राणा, मिथुन जायसवाल के नामांकन निरस्त हुए।

गौतमबुद्धनगर क्षेत्र के लिए कुल 34 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 15 प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये और 19 प्रत्याशियों के नामांकन निरस्त हुए। इसमें राजलोक पार्टी से सौराज सिंह, राष्ट्रीय जनता पार्टी से श्याम सुंदर शर्मा, आजाद अधिकार सेना से यतेन्द्र शर्मा, भारतीय किसान पार्टी से गयादीन अहिरवार, अखिल भारत हिन्दू महासभा पार्टी से रणवीर, भारतीय महासंघ पार्टी से प्रशांत भाटिया, संयोगवादी पार्टी से आनन्द और निर्दलीय प्रत्याशियों में गीता रानी, नवीन चन्द्र दुबे, एडवोकेट संजय शर्मा, प्रमोद अत्रि, महेश कुमार सोनी, सुनील गौतम, बबली, संजीव कुमार, प्रवीन शर्मा, रोदास गुप्ता, रितु सिन्हा, इकलाख के नामांकन निरस्त हुए।

# अवैध रूप से पेट्रोल बेच रहे पांच लोग गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता उरई, जालौन

- 2800 लीटर डीजल, 440 लीटर पेट्रोल, एक टैंकर कब्जे में लिया

**अमृत विचार।** पुलिस ने अवैध तरह से डीजल-पेट्रोल बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यहां से पुलिस ने पांच जनों को गिरफ्तार कर 2800 लीटर डीजल, 440 लीटर पेट्रोल व एक टैंकर को कब्जे में लिया है।

कालपी कोतवाली क्षेत्र में झांसी कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे चौरासी गुंबद के समीप कबाड़ की दुकान में शुक्रवार को पुलिस ने एसटीएफ के साथ छापेमारी की। छापेमारी में भारी तादाद में अवैध डीजल पेट्रोल व अन्य सामान के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शहर स्थित कोतवाली में क्षेत्राधिकारी एवं शहर कोतवाल ने खुलासा करते हुए बताया कि कानपुर झांसी हाईवे के किनारे चौरासी गुम्मद के नजदीक एक कबाड़ की दुकान में अवैध डीजल पेट्रोल की बिक्री की सूचना को लेकर छापामारी की गई, जिसमें वन विभाग के जंगल की झाड़ियों में सैफ अली पुत्र रिफाकत अली, भूरा पुत्र गफ्फार, बरकत अली पुत्र शोहरत अली, मुस्ताक पुत्र कल्लू एवं इरफान खान पुत्र इकराम खान को पकड़ा गया। इनके पास से 14 ड्रम डीजल जिसमें लगभग 2800 लीटर डीजल, दो ड्रम पेट्रोल, एक जरी केन पेट्रोल, एक टैंकर, तीन पाइप 1 इंची, दो बड़ी कीप, एक छोटी कीप, एक नपता पांच लीटर, एक नपता 1 लीटर, एक छोटा हाथी, चार मोबाइल फोन व 8070 रुपये नगद बरामद किए। उक्त मामले को दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की गई। क्षेत्राधिकारी ने कहा कि अपराधी की कोई जाति नहीं होती अपराध अपराध होता है।

# सौ स्थानों पर लगेंगी एलईडी स्क्रीन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामनवमी पर रामलला के दरबार से जन्मोत्सव का लाइव प्रसारण शहर में 100 स्थानों पर देखा जा सकेगा। इसके लिए एलईडी स्क्रीन लगवाई जाएंगी। श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक के बाद ट्रस्ट महासचिव चंपत राय ने शुक्रवार शाम कहा कि राम मंदिर के प्रथमतल पर भगवान राम का दरबार स्थापित किया जाएगा।

राम दरबार के लिए भी प्रमुख चित्रकारों के द्वारा भगवान के स्वरूप को तय कर मूर्तिकारों के द्वारा मूर्तियों को तैयार कराया जाएगा। इस कार्य को धीरे-धीरे आगे विकसित करने की प्रक्रिया को लेकर ट्रस्ट की बैठक में चर्चा की गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की बैठक की अध्यक्षता महंत नृत्य गोपाल दास ने की।

इस दौरान निर्माण समिति अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी, सदस्य जगद्गुरु विश्व प्रसन्नतीर्थ महाराज, महंत दीनेंद्र दास, विमलेंद्र मोहन मिश्र, डॉ. अनिल मिश्र, केंद्रीय गृह सचिव प्रशांत लोखंडे, जिलाधिकारी नितिश कुमार और रूप से आमंत्रित महंत कमलनयन दास और गोपालजी राव उपस्थित रहे।



मणिराम दास छावनी में बैठक के दौरान मौजूद ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास व अन्य।

### निर्माण कार्य और उत्सव पर मंथन

- प्राण प्रतिष्ठा के बाद आगामी रामनवमी को लेकर जन्मभूमि परिसर में मंदिर निर्माण समिति और तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की संयुक्त बैठक हुई। इस दौरान निर्माण कार्य और उत्सव की तैयारियों पर मंथन हुआ। इसके पूर्व निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र व ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा जन्मभूमि पथ पर लगाई जा रही रेलिंग और बैरियर का निरीक्षण किया। जन्मभूमि परिसर में स्थित यात्री सुविधा केंद्र की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। परिसर में राम मंदिर के प्रथम तल और द्वितीय तल के निर्माण का कार्य चल रहा है। सप्त मंडप को तैयार करने का कार्य भी शुरू कर दिया गया है। रामनवमी मेले के दौरान निर्माण कार्य बाधित न हो इसको लेकर कार्यदायी संस्था एलएंडटी और टाटा कंसल्टेंसी के इंजीनियरों के साथ मंथन विचार-विमर्श हुआ है।

# 'रमजान से ही शुरू होंगे अखिलेश के बुरे दिन'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर।

**अमृत विचार।** सपा मुखिया ने मोदी के डर से रमजान को बुरे और नवरात्रि को अच्छे दिन बताकर अपनी मंशा जाहिर कर दी है। इसी रमजान से अखिलेश यादव के बुरे दिन शुरू होंगे। शुक्रवार को राही पर्यटक आवास गृह में प्रेसवार्ता में यह बात बसपा से लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी इमरान बिन जफर ने कही। उन्होंने सपा पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि सपा नेताओं का मुस्लिम हितैषी बनना एक दिखावा है। उनकी घोषणा के बाद अखिलेश को प्रत्याशी नहीं मिल पा रहा है।

प्रत्याशी घोषित होने के बाद कानपुर के बड़े कारोबारी इमरान पहली बार कन्नौज पहुंचे थे। प्रेस वार्ता में कहा कि कन्नौज में सपा मुखिया ने रमजान को बुरे और नवरात्र को अच्छे दिन कहा था। इससे मुस्लिम समाज आहत हुआ है। भगवान के बनाए सभी दिन अच्छे होते हैं तो फिर सपा मुखिया भेदभाव क्यों कर रहे हैं! कहा कि सपा-कांग्रेस गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिलेगी, क्योंकि देश का अल्पसंख्यक हकीकत को जान चुका है।

कहा कि बसपा ने हमेशा सर्व समाज की राजनीति की है। कन्नौज को जिला बनाकर विकास की आधारशिला पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने ही रखी थी। जिले के विकास के लिए सबसे पहले 140 करोड़ रुपये का बजट भी दिया था।

# छह साल से जेल में बंद गैंगस्टर का आरोपी बरी

**कन्नौज।** गैंगस्टर के मामले में छह साल से अधिक समय से जेल में बंद आरोपी को आरोप साबित न होने पर अपर ज़िला जज हरेंद्र नाथ ने ससम्मान रिहा कर दिया। चार अप्रैल 2012 को थानाध्यक्ष राजेंद्रधर ने औरैया जनपद के चिटकापुर थाना अजीतमल निवासी श्यामबिहारी, वीरेंद्र दुबे, शैलेंद्र दुबे व इटावा निवासी सरोज तिवारी के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत कराया था। आरोप लगाया कि उक्त सभी आरोपी गैंग बनाकर हत्या व लूट जैसे अपराध करते हैं। 17 जनवरी 2018 को आरोपियों को जेल भेजा गया था। विवेचक ने सभी के विरुद्ध आरोपपत्र प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान वीरेंद्र दुबे की मृत्यु हो गई जबकि सरोज व शैलेंद्र जमानत पर रिहा हो गए। वहीं श्यामबिहारी की ओर से पैरवी करने के लिए कोई नहीं आया और न ही कोई वकील नियुक्त हुआ।

# शराब गोदाम से लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- इटावा की फ्रेंड्स कॉलोनी का मामला, बंदूकें भी ले गए चोर

**अमृत विचार।** फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंडी के आगे स्थित अंग्रेजी शराब के गोदाम में गुरुवार की रात चोर गोदाम की टीन की छत काटकर गोदाम में घुस गए। चोर गोदाम में रखी सात लाख से अधिक की नकदी के अलावा तीन राइफलें लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी शुक्रवार की सबह हुई तो हड़कंप मच गया। चोरी की जानकारी मिलने पर आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस गोदाम के मैनेजर, कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। एसएसपी ने चोरों का पता लगाने के लिए चार टीमों को लगाया है।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के मंडी के आगे पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव के पेट्रोल पंप के सामने अंग्रेजी शराब व बीयर का गोदाम है। गुरुवार की रात को चोरों ने गोदाम को निशाना बनाया। चोर गोदाम के ऊपर पड़ी टीन सेट को तोड़कर गोदाम में प्रवेश कर गए।

चोर गोदाम में रखी 7 लाख 30 हजार की नकदी, एक राइफल, एक डबल बैरल और सिंगल बैरल बंदूक ले गए। घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह नौ बजे हुई जब कर्मचारी गोदाम पर पहुंचे। कर्मचारियों ने इसकी जानकारी गोदाम मैनेजर मृदुल मिश्रा को दी। मौके पर पहुंचे मैनेजर ने जब अंदर जाकर देखा तो अलमारी में रखें 7 लाख 30 हजार रुपये नकद और सिक्योरिटी गार्ड की तीन राइफलें भी गायब मिलीं। इसकी जानकारी फ्रेंड्स कॉलोनी थाना पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल शुरू की। फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस ने इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी ।

जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंचे एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी और सीओ सिटी अमित कुमार सिंह ने जांच पड़ताल की। मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।

# जेल में बने रामनामी थैले की अयोध्या में धूम

**फतेहपुर।** जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों द्वारा तैयार रामनामी थैले अयोध्या धाम में धूम मचा रहे हैं। कारागार प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार जिला कारागार में निरुद्ध महिला व पुरुष बंदियों द्वारा अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के डिमांड पर 5 हजार रामनामी थैले तैयार किए जा रहे हैं। जिसका 14 रुपए प्रति थैले के हिसाब से भुगतान किया जाएगा। थैलों की मांग को लेकर जेल अधीक्षक समेत हिंदू-मुस्लिम कैदियों में उत्साह जगा है और मेहनत के साथ थैले तैयार कर भक्तों के प्रसाद के लिए भेजे जा रहे हैं। साथ ही इन बंदियों को रोजगार भी मिल रहा है।

# पूर्व मुद्दई इकबाल अंसारी से मारपीट, एक गिरफ्तार

अयोध्या कार्यालय

- अलविदा नमाज के बाद मस्जिद की खिड़की खोलते समय हुआ हमला



अयोध्या-आरजेबी थाने में शिकायत दर्ज कराते इक़बाल अंसारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंदिर-मस्जिद मामले में पूर्व पक्षकार रामजन्मभूमि थाना क्षेत्र निवासी इक़बाल अंसारी पर शुक्रवार को हमला और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने महरीर पर एक को नामजद करते हुए चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। वारदात अलविदा की नमाज के बाद मस्जिद की खिड़की खोलने के दौरान हुई।

थाना क्षेत्र के मोहल्ला पाँजी टोला निवासी बाबरी मामले के पूर्व मुद्दई इकबाल अंसारी का कहना है कि शुक्रवार को जुमे के अंतिम नमाज के लिए वह मोहल्ला स्थित बिजली शहीद मस्जिद गए थे। वह मस्जिद की खिड़की खोल रहे थे इसी दौरान मौके पर मौजूद मोहल्ले के कोटिया निवासी अयूब उर्फ़ पप्पू अंसारी गाली-गलौच कर हाथापाई करने लगा। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। उसके साथ तीन अन्य लोग भी मौजूद थे, जिनका नाम-पता मुझे मालूम नहीं है। उनका कहना है कि वह योगी सरकार की प्रसंसा और समर्थन करते हैं। हिन्दू-मुस्लिम के बीच सौहार्द के लिए काम करते हैं। इसी से नाराज होकर उनपर हमला किया गया। हाथापाई के बाद मौके पर मौजूद सुरक्षाबलों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। इसके बाद इक़बाल अंसारी ने राम जन्मभूमि थाने पहुंच तहरीर प्रभारी निरीक्षक को दी।

राम जन्मभूमि थाने के प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र पांडेय ने बताया कि शिकायत पर अयूब उर्फ़ पप्पू अंसारी को नामजद करते हुए चार के खिलाफ मारपीट, गाली-गलोच और धमकी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कामयाबी — पहली बार जबड़े के कैंसर से पीड़ित मरीज का हुआ सफल ऑपरेशन

# सैफई में हुई जबड़े की प्लास्टिक सर्जरी

संवाददाता सैफई, इटावा

- जटिल सर्जरी के लिए कुलपति ने पटना एम्स से बुलाए दो विशेषज्ञ चिकित्सक
- 12 वर्षीय हर्ष की वेदना ने कुलपति को भी किया प्रभावित निःशुल्क ऑपरेशन किया

**अमृत विचार।** यूपीयूएमएस सैंफई में पहली बार लंबे समय से जबड़े के कैंसर से पीड़ित 45 वर्षीय प्रमोद की जटिल सर्जरी कर उनके जबड़े का प्लास्टिक सर्जरी से पुनर्निर्माण किया गया। इस तरह की जटिल सर्जरी पहली बार की गई। कुलपति प्रो. डॉ. प्रभात कुमार सिंह के निर्देशन में पटना एम्स के दो डॉक्टर और यूपीयूएमएस सैंफई के डॉक्टरों ने मिलकर सर्जरी की।

जटिल सर्जरी के लिए पटना एम्स की डॉ बीना कुमारी और डॉ अंसार उल हक की सहभागिता के साथ यूपीयूएमएस सैंफई के प्लास्टिक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अतुल सक्सेना, दंत चिकित्सा संकाय से डॉ गौरव जैन, ऐनिस्थया विभाग के डॉ मनोज यादव,डॉ अतीत,डॉ पूर्वा, विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम तैयार की गई और फरवरी माह (2024) में मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया।



मरीज की प्लास्टिक सर्जरी करने वाले चिकित्सकों की टीम। अमृत विचार

### बच्चे से प्रभावित हुए कुलपति

- कक्षा सात में पढ़ने वाला 12 वर्षीय हर्ष लगभग पिछले पांच माह से अपने पिता का इलाज यूपीयूएमएस सैफई में करवा रहा है। जब वह पहली बार कुलपति से मिला और उसने अपनी सारी वेदना कही। चिकित्सा अधीक्षक डॉ एसपी सिंह ने बताया कि इस जटिल सर्जरी के लिए कुछ और विशेषज्ञ डॉक्टरों की जरूरत थी इसीलिए कुलपति के सार्थक प्रयास से पटना एम्स के दो डॉक्टरों को बुलाया गया, जिससे हमारी टीम सफल सर्जरी कर पाई वर्तमान में प्रमोद सामान्य जीवन की ओर लौट रहे हैं। डॉ सिंह ने बताया कि कैंसर पीड़ित प्रमोद का सारा इलाज व सर्जरी विश्वविद्यालय की ओर से निशुल्क हुआ है।

# हेड कांस्टेबल को किया लाइन हाजिर

**कन्नौज।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के तालग्राम कट पर टोल कर्मियों के साथ मारपीट करने वाले नशेबाज हेड कांस्टेबल को पुलिस अधीक्षक ने लाइन हाजिर कर दिया है। शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह ने बताया कि रात एक बजे के करीब तालग्राम टोल प्लाजा पर संदिग्ध लोगों की चेकिंग के दौरान तालग्राम थाने में तैनात उपनिरीक्षक दिनेश कुमार व हेड कांस्टेबल धर्मवीर यादव का कर्मचारियों से विवाद हो गया था, जिसमें मारपीट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इस वीडियो को संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने हेड कांस्टेबल धर्मवीर यादव को तालग्राम थाने से हटाकर लाइन हाजिर कर दिया है।

# गरीबों के आवास बनवाने में चौथे नंबर पर आया कन्नौज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पीएम व सीएम आवास योजना ग्रामीण की रैंकिंग में बनाई जगह

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में वर्ष 2023-24 की जिले की सूबे में चौथी रैंक आई है। लाभार्थियों को किस्त देने के बाद निर्माण कार्य भी तेजी से कराया गया, जिससे करीब एक महीने में रैंकिंग में सुधार हुआ। बताया गया है कि आवास के मामले में कन्नौज का नंबर 37वां था।

पीएम आवास बनवाने में प्रदेश में पहले स्थान पर गौतम बुद्ध नगर, दूसरे पर गाजियाबाद, तीसरे पर अमरोहा व चौथे पर कन्नौज है। हालांकि तीन नंबर तक जो जिले आए हैं, उसमें कन्नौज के सापेक्ष 10 फीसदी भी लक्ष्य नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 33,385 आवासों का लक्ष्य दिया गया। उसके सापेक्ष 33,380 को पहली किस्त, 33,335 को दूसरी और 33,243 तीसरी किस्त मिली। 33,311 आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो गया। यह प्रगति 99.78 फीसदी है। इसी तरह सीएम आवास योजना ग्रामीण का लक्ष्य 1890 आवासों का है। उसके सापेक्ष खाता सत्यापन व जांच 1889 का हुआ।

पहली किस्त 1888 लाभार्थियों को मिली। दूसरी किस्त 1884 व तीसरी किस्त 1864 को दी गई। 1883 आवासों का निर्माण कार्य पूरा हो गया। कुल प्रगति 99.63 फीसदी है। पहले स्थान पर बुलंदशहर, दूसरे पर अमरोहा व तीसरे पर हापुड़ है। चौथे पर कन्नौज आया है।

> जिन विभागों में कोई दिक्कत थी, उसे दूर किया गया। आवास के मामले में सूबे में कन्नौज की रैंक 37 थी, जो अब टाइप फाइव के अंदर चौथे नंबर पर आया है। सचिवों को भी कार्य तेजी से पूरे करने के निर्देश दिए गए थे। जो भी विकास कार्य होंगे, उनको तेजी से पूरा कराया जाएगा।
>
> –रामकृपाल चौधरी, सीडीओ

